Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 06 | मंगलवार, 06 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया


## कंपनियों की सामाजिक जिम्मेदारी पर होगी चर्चा

# अमित शाह करेंगे कुपोषण उन्मूलन कॉन्क्लेव का उद्घाटन

**नई दिल्ली।**

सहकार से समृद्धि के विजन को आगे बढ़ाते हुए कुपोषण के खिलाफ बड़ा राष्ट्रीय प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत कुपोषण उन्मूलन में कंपनियों की सामाजिक जिम्मेदारी की अहम भूमिका पर मंगलवार को कान्क्लेव का आयोजन किया जाएगा।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एनडीडीबी फाउंडेशन फार न्यूट्रिशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सीएसआर कान्क्लेव का उद्घाटन करेंगे। इसका मकसद बच्चों में कुपोषण को खत्म करने के लिए सहकारिता और कार्पोरेट क्षेत्र की साझेदारी को मजबूत करना है। कार्यक्रम के दौरान दो महत्वपूर्ण पोषण कार्यक्रमों की शुरूआत होगी।



पहला, सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सीएसआर योजना के तहत गिफ्टमिल्क कार्यक्रम का तीसरा चरण शुरू होगा। इसके तहत छत्तीसगढ़ के भिलाई इस्पात संयंत्र के खनन क्षेत्रों में स्थित सरकारी स्कूलों के लगभग चार हजार बच्चों को विटामिन ए और डी से भरपूर फ्लेवर्ड दूध दिया जाएगा। यह दूध छत्तीसगढ़ दुग्ध महासंघ के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। दूसरा, आईडीबीआई बैंक की सीएसआर पहल के तहत शिशु संजीवनी कार्यक्रम की शुरूआत होगी। इस योजना से महाराष्ट्र के नागपुर जिले के ग्रामीण इलाकों की आंगनवाड़ियों में पढ़ने वाले करीब तीन हजार बच्चों को पोषण सहायता मिलेगी। शिशु संजीवनी एक खास तरह का पोषक आहार है, जिसे एनडीडीबी ने विकसित किया है। कान्क्लेव में केंद्र सरकार के कई मंत्रालयों, सार्वजनिक और निजी कंपनियों, सहकारी संस्थाओं और शोध संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यहां पोषण और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी और यह बताया जाएगा कि मिलकर काम करने से कुपोषण को कैसे खत्म किया जा सकता है। कुल मिलाकर यह आयोजन बच्चों के बेहतर भविष्य की दिशा में एक अहम कदम है।

## पति के अवैध संबंध को आत्महत्या के लिए उकसावा नहीं माना जा सकता : हाई कोर्ट



**नई दिल्ली।** पति के अवैध संबंधों से परेशान होकर पत्नी द्वारा आत्महत्या करने के मामले में हाई कोर्ट ने पीड़ित पक्ष की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि अवैध संबंध नैतिक रूप से गलत हो सकते हैं, लेकिन जब तक आत्महत्या के लिए सीधा और स्पष्ट संबंध साबित न हो, तब तक धारा 306 के तहत दोषी नहीं ठहराया जा सकता। साथ ही ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ की गई अपील हाई कोर्ट में खारिज कर दी गई। जानकारी के अनुसार कुंती की शादी 2011 में रवि कुमार गायकवाड से हुई थी। कुंती के स्वजन ने संतान नहीं होने, कम दहेज और अशिक्षित होने को लेकर पति पर प्रताड़ना के आरोप लगाए। पति के कथित तौर पर एक महिला मित्र से अवैध संबंध होने की बात भी कही गई। चार जून 2017 को कुंती ने आत्महत्या कर ली। इसके बाद पति और उसकी महिला मित्र के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया, लेकिन अभियोजन पक्ष प्रताड़ना या उकसावे का कोई प्रमाण पेश नहीं कर सका।

## अमेरिका से तनातनी के बीच ईयू से बढ़ रही भारत की निकटता



**नई दिल्ली।**

अमेरिका के साथ व्यापारिक संबंधों में आई तल्खी के बीच नई दिल्ली ने यूरोपीय संघ (ईयू) और उसके प्रमुख सदस्य देशों के साथ संबंधों को नई गति देने का फैसला किया है। जनवरी-फरवरी 2026 का कैलेंडर इस रणनीतिक बदलाव की गवाही दे रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर इस समय फ्रांस की आधिकारिक यात्रा पर हैं।

10 जनवरी तक चलने वाली उनकी यात्रा के ठीक बाद जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज भारत आ रहे हैं। इसके ठीक बाद यूरोपीय संघ के दिग्गज नेता 26 जरवरी, 2026 को भारत के गणतंत्र दिवस समारोह पर राजकीय मेहमान होंगे। इसके दो हफ्ते बाद ही फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रा भी मुंबई व नई दिल्ली की यात्रा पर आएंगे। इन तीनों अवसरों पर भारत का यूरोपीय संघ के देशों के साथ कारोबारी संबंधों के साथ ही सुरक्षा, रक्षा व ऊर्जा के क्षेत्र में नई संभावनाओं पर बात होगी। कूटनीतिक जानकार इसे हाल के वर्षों में भारत की तरफ से दुनिया की कई शक्तियों के साथ अलग-अलग ताल-मेल बनाने की कोशिश को और गति देने के तौर पर देख रहे हैं।

## 'मुंबई का मेयर वंदे मातरम बोलने वाला मराठी मानुष होगा'



**नई दिल्ली।** शिवसेना प्रवक्ता शाइना एनसी ने सोमवार को कहा कि मुंबई का महापौर वंदे मातरम बोलने वाला मराठी मानुष होगा। उन्होंने कहा कि महायुति की राजनीति मुंबई पहले के सिद्धांत पर आधारित है। महायुति का महापौर वही होगा, जो शहर से प्रेम करता हो और उसके विकास की कामना करता हो तथा वह एक मराठी मानुष भी हो। महायुति में भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजीत पवार की राकांपा शामिल हैं। हालांकि, अजीत पवार के नेतृत्व वाली राकांपा बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव अलग से लड़ रही है। शिवसेना की प्रवक्ता ने विपक्ष पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया। मुंबई में चुनाव के नजदीक आने के साथ ही अगले महापौर को लेकर बहस और भी तीखी होती जा रही है।

## बांग्लादेश में एक और हिंदू व्यक्ति की हत्या, 24 घंटे में घटी दूसरी घटना

**नई दिल्ली।**

बांग्लादेश में एक किराना स्टोर मालिक का काम करने वाले एक हिंदू व्यक्ति की हत्या कर दी गई। पिछले 24 घंटों में यह इस तरह की दूसरी घटना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोनी चक्रवर्ती पर सोमवार रात करीब 10 बजे नरसिंगदी जिले में धारदार हथियारों से हमला किया गया था। बाद में चोटों की वजह से उनकी मौत हो गई। यह हत्या हिंदू समुदाय के सदस्यों को निशाना बनाने वाली हिंसक घटनाओं की कड़ी में ताजा घटना है। इससे पहले 3 जनवरी को 50 साल के खोकन चंद्र दास की बेरहमी से हमला करने, काटने और आग लगाने के बाद मौत हो गई। 24 दिसंबर को राजबाड़ी



शहर के पांग्शा उपजिला में कथित उगाही के आरोप में एक और हिंदू व्यक्ति अमृत मंडल को पीट-पीटकर मार डाला गया। इससे भी पहले 18 दिसंबर को मैमनसिंह शहर में 25 साल के दीपू चंद्र दास को कथित तौर पर ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला और उसके शव को आग लगा दी। एक दूसरी घटना में 23 दिसंबर को चटगांव के बाहरी इलाके में राउजान इलाके में कुछ अज्ञात लोगों ने कतर में काम करने वाले प्रवासी मजदूरों शुख शिल और अनिल शिल के घर में आग लगा दी।

## ईरान की अनावश्यक यात्रा से बचें, विदेश मंत्रालय ने वहां रह रहे भारतीयों को किया अलर्ट



**नई दिल्ली।**

भारत ने सोमवार को अपने नागरिकों से ईरान की अनावश्यक यात्रा से बचने का आग्रह किया है। ईरान में सरकार की आर्थिक नीतियों और महंगाई के विरोध में आंदोलन के मद्देनजर भारत ने यात्रा एडवाइजरी जारी की है। विदेश मंत्रालय ने कहा, हालिया घटनाक्रम को देखते हुए भारतीय नागरिकों को ईरान की अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। ईरान में इस समय रह रहे भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआइओ) को सावधानी बरतनी चाहिए और उन क्षेत्रों में नहीं जाना चाहिए जहां विरोध या प्रदर्शन हो रहे हैं। समाचारों के साथ-साथ तेहरान में भारतीय दूतावास की वेबसाइट और इंटरनेट मीडिया हैंडल पर नजर रखनी चाहिए।

> विदेश मंत्रालय ने ईरान में रेसिडेंट वीजा पर रह रहे भारतीय नागरिकों को भी सलाह दी है कि वे दूतावास में पंजीकरण करा लें।

## सदन में आज अहम विधेयक व रिपोर्ट होगी पेश

**नई दिल्ली।**


दिल्ली विधानसभा में मंगलवार यानी आज प्रश्नकाल, अहम विधेयक और कई महत्वपूर्ण रिपोर्ट पेश की जानी हैं। साथ ही सीएजी रिपोर्ट और फांसी घर विवाद से जुड़ा मामला भी सदन में उठाए जाने की संभावना है। दिल्ली विधानसभा में मंगलवार यानी आज प्रश्नकाल, अहम विधेयक और कई महत्वपूर्ण रिपोर्ट पेश की जानी हैं। साथ ही सीएजी रिपोर्ट और फांसी घर विवाद से जुड़ा मामला भी सदन में



उठाए जाने की संभावना है। यदि ये मुद्दे सदन में आते हैं तो विपक्ष की ओर से विरोध और हंगामे की स्थिति बन सकती है। खासतौर पर प्रदूषण के मुद्दे पर विपक्ष ने सरकार को घेरने के लिए कमर कस ली है। मंगलवार की कार्यवाही के हंगामेदार होने के आसार सियासी पंडित भी जता रहे हैं। कार्यसूची के मुताबिक सदन की शुरूआत प्रश्नकाल से होगी, जिसमें तारांकित प्रश्नों (जिन पर मौखिक जवाब दिए जाते हैं) और अतारांकित प्रश्नों (जिनके लिखित जवाब सदन में रखे जाते हैं) पर चर्चा होगी। इसके बाद सदस्य अध्यक्ष की अनुमति से विशेष उल्लेख के तहत जनहित से जुड़े विषय उठा सकेंगे। हालांकि, सदन की कार्यवाही नियमित कामकाज तक सीमित रहेगी या नहीं, इसे लेकर संशय बना है। सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार को सदन में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी सीएजी की रिपोर्ट पेश की जा सकती है।

> सीएजी रिपोर्ट और फांसी घर मामले में हंगामा होने के आसार

## अमेरिकी कार्रवाई में सिलिया फ्लोरेस को लगी गंभीर चोटें




**नई दिल्ली।**

वेनेजुएला के अपस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की पत्नी सिलिया फ्लोरेस को अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के दौरान गंभीर चोटें लगी है। ये दावा उनके वकील ने न्यूयॉर्क की एक संघीय अदालत में जज के समक्ष किया है। वहीं मादुरो के बेटे मादुरो गुएरा ने अमेरिका पर अपने पिता का अपहरण करने का आरोप लगाया है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वेनेजुएला में अमेरिकी सेना की कार्रवाई के दौरान सिलिया फ्लोरेस को गंभीर चोटें आई हैं। सिलिया फ्लोरेस, अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की पत्नी हैं। उनके वकील मार्क डोनेली ने न्यूयॉर्क की एक संघीय अदालत में जज एल्विन हेलरस्टीन को बताया कि गिरफ्तारी (या वकील के शब्दों में अपहरण) के दौरान फ्लोरेस को सिर और पसलियों में चोट लगी हो सकती है। पसलियों में फ्रैक्चर या गंभीर सूजन की आशंका जताई गई है और उनके मेडिकल परीक्षण की जरूरत बताई गई है। अदालत में पेशी के समय उनके सिर पर पट्टियां भी देखी गईं। सोमवार को न्यूयॉर्क की अदालत में सिलिया फ्लोरेस और निकोलस मादुरो दोनों ने अपने ऊपर लगे ड्रग तस्करी और हथियारों से जुड़े आरोपों से इनकार किया और खुद को निर्दोष बताया।

## उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड, धूप निकलने के बाद भी जारी रहेगी गलन

**नई दिल्ली।**

पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के बाद शुष्क और ठंडी हवाओं के तेजी से नीचे की ओर मैदानी इलाकों में आने के चलते उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू होने जा रहा है। ऐसी स्थिति तीन-चार दिनों तक रहेगी। दिन में धूप तो निकलेगी, लेकिन दोपहर बाद तापमान में गिरावट जारी रहेगी।

पंजाब से लेकर बिहार तक न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने तीन से चार दिनों तक पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के कई हिस्सों में शीतलहर चलने की चेतावनी जारी की है। आईएमडी के अनुसार हिमालयी क्षेत्रों में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर फिलहाल पहाड़ों तक सीमित रहेगा, जहां ऊंची चोटियों पर बर्फबारी और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश के आसार हैं। इसका सीधा प्रभाव मैदानी क्षेत्रों के तापमान पर दिखेगा। उत्तर-पश्चिम से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं के कारण नमी में कमी आएगी, जिससे पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में कोहरे की तीव्रता एक-दो दिनों में कम हो सकती है। दिल्ली-एनसीआर में अगले चार दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। ठंडी हवाओं के चलते प्रदूषण और कोहरे में काफी हद तक कमी आने की संभावना है, लेकिन सुबह और रात के समय ठंड ज्यादा सताएगी।

> पंजाब और हरियाणा में नौ जनवरी तक शीतलहर की स्थिति बनी रह सकती है, जबकि कुछ इलाकों में रात के समय कोहरा भी छाया रहेगा। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में इस समय ठंड सबसे ज्यादा असर दिखा रही है। यहां न्यूनतम तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है और कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। छत्तीसगढ़ में आठ जनवरी तक शीतलहर की आशंका जताई गई है।



## संपादक की कलम से

# शाहरुख निशाने पर क्यों?

नए साल के नवचेतन माहौल में, नए संस्कारों और नई सोच के साथ यह भी कामना रही है कि ईश्वर धर्मांध लोगों को सद्बुद्धि दें। वे भी आत्ममंथन करें कि जिनका धर्म, आस्था भिन्न हैं, उनका भी अस्तित्व है। यह देश उनका भी है। संविधान उन्हें भी अधिकार और सुरक्षा देता है। यह देश सिर्फ धर्मांध लोगों का ही नहीं है। वे खुशफहमी में मत रहें। धर्मांधता से विपुल जन-समर्थन भी हासिल नहीं किया जा सकता। कौन हैं ये लोग, जो देश को धर्म के आधार पर परिभाषित करते रहते हैं? शाहरुख खान इस देश का महानायक है। उनके करोड़ों चहेते और प्रशंसक हैं। वह बॉलीवुड के सुपर स्टार हैं। हर साल करोड़ों रुपए का टैक्स सरकार को देते हैं। उस राशि से भी जन और समाज का कल्याण और विकास होता है। उन्हें सिर्फ इसलिए गालियां दी गईं, क्योंकि वह खान हैं। जिन्होंने उन्हें गद्दार कहा, देशद्रोही करार दिया, जेहादी जानवर तक कह दिया, वे कौन हैं? क्या इनसान को जानवर करार दिया जा सकता है? ऐसी गालियां देने वाले कथावाचक, कथित साधु-संत और विधायक हैं। रामभद्राचार्य को जगद्गुरु का सम्मान हासिल है। कई अति विशिष्ट लोगों को हमने उनके पांव छूते हुए, दंडवत देखा है। देवकीनंदन ठाकुर कथावाचक हैं, लिहाजा श्रद्धालुओं का एक वर्ग उनका भी भक्त है। नंदकिशोर गुर्जर भाजपा विधायक हैं या संगीत सोम भाजपा के ही पूर्व विधायक हैं। उनकी सार्वजनिक जिम्मेदारी गालियां देने की नहीं है। वे जन-सेवक हैं। एक महिला नेता ने घोषणा की कि जो शाहरुख खान की जीभ काट कर लाएगा, उसे एक लाख रुपए इनाम दिया जाएगा। ये हिंसक, नफरती और सांप्रदायिक बयान क्यों दिए गए? और उनका राजनीतिक नेतृत्व खामोश क्यों बैठा रहा? क्या शीर्ष से ही संकेत हुए थे कि ऐसे बयान दिए जाएं? आखिर शाहरुख खान ने क्या अपराध किया था? वह आईपीएल की केकेआर टीम के सह-मालिक हैं। उनकी हिस्सेदारी 55 फीसदी की है, जबकि 45 फीसदी हिस्सेदारी जूही चावला एवं उनके पति जय मेहता की है। यदि केकेआर के लिए एक बांग्लादेशी तेज गेंदबाज को अनुबंधित किया गया, तो कमोबेश शाहरुख ने कोई अंतरराष्ट्रीय अपराध नहीं किया। बांग्लादेश भारत का दुश्मन देश नहीं है। हमारे राजनयिक संबंध अब भी बरकरार हैं। वहां की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए हमारे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ढाका गए। बांग्लादेश की तख्तापलट प्रधानमंत्री शेख हसीना बीते करीब डेढ़ साल से भारत की शरण और संरक्षण में सुरक्षित हैं। उनकी जवाबदेही किसकी है? भारत की अदाणी पॉवर, वीआईपी, डाबर, हीरो मोटरकॉर्प, इमामी आदि कई कंपनियां बांग्लादेश के साथ करीब 1 लाख करोड़ रुपए का निर्यात करती हैं। भारत बांग्लादेश से करीब 17,000 करोड़ रुपए का आयात भी करता है। यदि कुछ गालीबाज चेहरों और संगठनों को बांग्लादेशी, मुस्लिम क्रिकेटर के आईपीएल में खेलने पर आपत्ति है, तो सबसे पहले बीसीसीआई को कटघरे में खड़ा किया जाना चाहिए कि उसने बांग्ला खिलाडि ?ों के चयन और अनुबंध पर पाबंदी क्यों नहीं लगाई? पाकिस्तान के क्रिकेटरों पर ऐसी पाबंदी लागू है। शाहरुख क्या कर सकते हैं? वह तो खिलाडि ?ों की बोली में भी शामिल नहीं होते। फिर मुी भर गालीबाज लोग किसी को भी गद्दार, देशद्रोही, जेहादी जानवर कैसे करार दे सकते हैं? हमारा मानना है कि ऐसी गालियां देना ही अपराध है, लिहाजा गालीबाजों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। बहरहाल अब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने फैसला लिया है कि उनकी टीम टी-20 विश्व कप के चार मैच भारत में नहीं खेलेगी।



ललित शर्मा
संपादक

## कविता

### कल्पवासी चले प्रयाग

**मोनिका डागा**



पावन माघ मास का हुआ है शुभारंभ और घाटों पर रौनक छाई,
एक माह के इस उत्सव ने भक्तों में अनोखी संकल्प शक्ति जगाई,
कल्पवासी चले प्रयाग प्रण लेकर कठिन व्रत का बहुत ही खास,
12 वर्षों की यह अद्भुत तपस्या माघ मास गंगा स्नान व उपवास ।

कल्पवासी करेगें धरती पर शयन सत्य भाषण वाणी पर संयम,
एक महीने गृहस्थ आश्रम से हो दूर करेंगे हरि की सेवा प्रथम,
सुंदरतम माघ महात्म तीनो काल सुबह दोपहर संध्या बांचेंगे,
तुलसी जी और जौ को प्रतिदिन सींच संकीर्तन सत्संग करेंगे ।

गंगा की रेती और संगम स्थल पर संतों संग ₹आनंद₹ होगा भरपूर,
समर्पित कर तन मन धन सब ईश्वर को मायावी जग से वे रहेंगे दूर,
दुखियों की करेंगे स्वैच्छिक सेवा स्वयं भोजन बना कर ग्रहण करेंगे,
आए चाहे कोई बाधा एक माह कल्पवास के स्थान को नहीं छोड़ेंगे ।

माघ मास की महिमा विशाल देती जीवन संजीवनी शक्ति अनंत,
इन्द्रियों पर साधकर संयम अनूठा मोक्ष गमन भीतर होता जीवंत,
जहॉं अनूठा अमृत झरता अम्बर से जो व्याधि मुक्त बनाता जीवन,
बड़ा ही पवित्रतम होता भक्त-भगवान व पूजनीय संतों का मिलन ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# ईरान के जेन-जेड प्रदर्शनकारियों से अमेरिकी सहानुभूति के वैश्विक मायने

अंतर्राष्ट्रीय मामलों के जानकार बताते हैं कि पहले तो अमेरिका ने इन्हें यानी चीन-भारत को पटाकर और भारत-चीन को परस्पर उलझाकर अपने चिर शत्रु देश रूस को और अधिक कमजोर की कोशिशें की, लेकिन जब वो अपने नापाक इरादों में सफल नहीं हुआ तो इनके पड़ोस में 'भारत विरोध' को हवा दिलवानी शुरू कर दी। ईरान के जेन-जेड प्रदर्शनकारियों से अमेरिकी सहानुभूति के वैश्विक मायने बड़े ही खतरनाक हैं। लिहाजा यदि समय रहते ही एशियाई देश नहीं चेते तो वे सब धीरे-धीरे अमेरिकी साम्राज्यवादी रणनीतियों के सहज शिकार बन सकते हैं। पहले बंगलादेश, फिर नेपाल और अब ईरान में हुए जेन-जेड प्रदर्शन वाकई अमेरिकी डीप स्टेट की उन छिपी हुई मंशाओं को उजागर करते हैं, जिसका उद्देश्य चीन और रूस के सदाबहार मित्र भारत को कमजोर करना है क्योंकि ये दोनों अमेरिका की वैश्विक दादागिरी की राह के सबसे बड़े रोड़े हैं। अंतर्राष्ट्रीय मामलों के जानकार बताते हैं कि पहले तो अमेरिका ने इन्हें यानी चीन-भारत को पटाकर और भारत-चीन को परस्पर उलझाकर अपने चिर शत्रु देश रूस को और अधिक कमजोर की कोशिशें की, लेकिन जब वो अपने नापाक इरादों में सफल नहीं हुआ तो इनके पड़ोस में 'भारत विरोध' को हवा दिलवानी शुरू कर दी। इसलिए बंगलादेश व नेपाल न सही, लेकिन ईरान में भारत, चीन और रूस को अविलंब हस्तक्षेप करना चाहिए और कथित लोकतंत्र के नाम पर अमेरिकी थानेदारी का कड़ा अंतर्राष्ट्रीय प्रतिरोध करना चाहिए, अन्यथा अगला नम्बर अब उन्हीं का आएगा।

देखा जाए तो ईरान में रोजगार और बढ़ती महंगाई को लेकर बीते पांच दिनों से जारी जेन-जेड के विरोध प्रदर्शनों ने अब हिंसक रूप अख्तियार कर लिया है। लिहाजा, ईरानी सुरक्षा बलों ने उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की, जिसमें अबतक सात प्रदर्शनकारियों के मारे जाने और कइयों के घायल होने की पुष्टि हुई है। वहीं, इससे व्याकुल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट 'एक्स' पर लिखा है कि, ₹अगर ईरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को मारता है तो हम बचाने को तैयार हैं।₹

वैश्विक कूटनीतिज्ञों का मानना है कि अमेरिकी नेतृत्व द्वारा दिया गया उक्त बयान ईरान में लोकतंत्र की हिफाजत के बहाने वहां लगी आग में घी डालने जैसा है, जो निंदनीय भी है। इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंफ भी अब डीप स्टेट के समक्ष घुटने टेक चुके हैं और इसकी तथाकथित कारगुजारियों को बढ़ावा देने लगे हैं, जो वाकई दिलचस्प है। हालांकि, इस अमेरिकी दुस्साहस पर पलटवार करते हुए ईरान ने दो टूक शब्दों में कहा कि, ₹ईरान की सुरक्षा रेड लाइन है।₹ ईरान के सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी ने कहा कि- ₹अमेरिका और इस्त्राइल प्रदर्शन भड़का रहे हैं। अमेरिकी दखल से अशांति फैल जाएगी, उन्हें अपने सैनिकों की फिक्र करनी चाहिए।₹ कहने का तातपर्य यह हुआ कि यदि अमेरिका ईरान पर हमला करेगा तो ईरान उसके खाड़ी देशों और अरब देशों में स्थित सैन्य अड्डों को निशाना बनाएगा। पिछले वर्ष वह ईरान-इजरायल युद्ध के दौरान ऐसा कर भी चुका है, जिसके बाद घबराहट में अमेरिका ने उस युद्ध को मध्यस्थता करके बंद करवाया था।





वहीं वहां के वित्तीय परिवार जैसे रोथ्सचाइल्ड, रॉकफेलर जैसे समूह, जो बैंकिंग और परोपकार के माध्यम से प्रभाव डालते हैं। वहां की सिविल सोसायटी यानी मीडिया, प्रोफेसर, कलाकार और एनजीओ कार्यकर्ता जो मानवाधिकार या पर्यावरण के नाम पर सक्रिय रहते हैं। इसके संचालन का तरीका भी गजब है। ये समूह लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को बायपास कर शासन परिवर्तन या अस्थिरता पैदा करते हैं। भारत में इन्हें अर्बन नक्सल या राष्ट्रविरोधी इकोसिस्टम से जोड़ा जाता है। यह लोकतांत्रिक नियंत्रण से बाहर रहता है और निर्वाचित नेताओं को कमजोर करने का आरोप लगाया जाता है। हालांकि, कई विशेषज्ञ इसे अतिशयोक्तिपूर्ण सिद्धांत मानते हैं। बताया जाता है कि अमेरिका के आर्थिक और कॉर्पोरेट हित डीप स्टेट के सिद्धांत में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं, जहां इन्हें गुप्त नेटवर्क का अभिन्न हिस्सा माना जाता है। ये हित सरकारी नीतियों को प्रभावित कर लाभ कमाते हैं। वहां से कॉर्पोरेट जुड़ाव रखने वाले यानी कॉर्पोरेट दिग्गज जैसे गूगल, फेसबुक और हथियार कंपनियां डेटा गोपनीयता, कराधान तथा बाजार विनियमन पर प्रभाव डालती हैं। ये शक्तिशाली इकाइयां खुफिया एजेंसियों के साथ साझेदारी कर आर्थिक नीतियों को आकार देती हैं। ओपन सोसाइटी फाउंडेशन जैसे संगठन शासन परिवर्तन को बढ़ावा देते हैं। इसका आर्थिक प्रभाव निर्णायक होता है। वहां के वित्तीय परिवार जैसे रोथ्सचाइल्ड और रॉकफेलर बैंकिंग प्रणाली पर नियंत्रण के माध्यम से प्रमुख घटनाओं जैसे एशियाई वित्तीय संकट को प्रभावित करते हैं। ये समूह मुक्त बाजार, व्यापार वार्ता और शॉक थेरेपी जैसी नीतियों को प्रोत्साहित कर विकासशील देशों में बाजार पहुंच सुनिश्चित करते हैं। हिंडनबर्ग रिसर्च जैसे उदाहरण स्टॉक बाजार अस्थिरता पैदा करते हैं। ये परस्पर लाभ के लिए काम करते हैं। ये हित सैन्य-औद्योगिक परिसर के साथ मिलकर युद्ध अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देते हैं, जहां कॉर्पोरेट फंडिंग राजनीतिक प्रभाव खरीदती है। भारत जैसे देशों में एनजीओ वित्तपोषण कोयला परियोजनाओं का विरोध करता है, जो जीडीपी वृद्धि को 2-3% नुकसान पहुंचाता है। इसलिए इनके कारनामों से शेष दुनिया के लोगों को सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि गरीब व विकासशील देशों के धनलोलुप नेता व चतुरसुजान अब इनके अंग बन चुके हैं। भारत, चीन व रूस में भी इनकी अच्छी खासी तादात होने की अटकलें हैं।

स्वाभाविक सवाल है कि ईरानी प्रदर्शनकारियों के जिस तरह के उग्र विडियो सामने आए हैं, जहां प्रदर्शनकारी ईरान की सरकारी इमारतों पर पत्थरबाजी करते देखे गए, उसके दृष्टिगत ईरानी सुरक्षा बलों ने सख्त कार्रवाई करके अपने राष्ट्रीय धर्म का पालन किया है। अन्यथा बंगलादेश व नेपाल की तरह वो सुरक्षाकर्मी भी घुटने टेक सकते थे। हालांकि उन्होंने यह सख्ती दो तीन दिन प्रदर्शनकारियों को झेलने के बाद दिखाई है।

इसलिए डॉनल्ड ट्रंप का यह कहना कि, ₹ईरान का रिवाज मारना है!₹, न्यायसंगत प्रतीत नहीं होता है। उनकी यह टिप्पणी कि, ₹अमेरिका प्रदर्शनकारियों की मदद को आगे बढ़ने के लिए तैयार है₹, प्रथमदृष्टया ईरान के आंतरिक मामलों में खुला हस्तक्षेप है। इससे जाहिर है कि अब वो भी उस डीप स्टेट के हाथों खेलने को अभिशप्त हैं, जिसका विरोध उन्होंने खुद ही अपने प्रथम कार्यकाल के दौरान किया था। लिहाजा स्वाभाविक सवाल है कि क्या अब्राहम परिवार में एका स्थापित करने की चाह रखने वाले डॉनल्ड ट्रंप अब ईरान को इस्लामिक देश नहीं मानते हैं और उसे पुनः पारसी देश बनाने की चाल चल रहे हैं, यक्ष प्रश्न है।

ऐसा इसलिए कि अमेरिकी डीप स्टेट एक षड्यंत्र सिद्धांत है जो संघीय एजेंसियों जैसे सीआईए, एफबीआई और एनएसए के गुप्त नेटवर्क को संदर्भित करता है। यह कथित रूप से चुनी हुई सरकार के समानांतर सत्ता संचालित करता है। जहां तक डीप स्टेट की परिभाषा का सवाल है तो आपको पता होना चाहिए कि यह शब्द 1990 के दशक में तुर्की से उत्पन्न हुआ और अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल में लोकप्रिय हुआ। क्योंकि तब ट्रंप ने इसे रूस की जांच और अन्य विपत्तियों के लिए जिम्मेदार ठहराया। सच कहूं तो यह नेटवर्क वित्तीय, औद्योगिक हितों के साथ मिलकर निर्वाचित नेताओं को प्रभावित करता है।

ऐसे में स्वाभाविक सवाल है कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति इसे क्यों संरक्षण देते हैं? तो इसका माकूल जवाब यह आम व खास धारणा है कि कुछ प्रशासनों (जैसे- जो बाइडन प्रशासन के द्वारा) को डीप स्टेट का संरक्षण प्राप्त होता है क्योंकि यह विदेश नीति और खुफिया कार्यों में स्थिरता प्रदान करता है। हालांकि, राष्ट्रपति ट्रंप जैसे नेता इसे अपना दुश्मन मानते आये हैं और इसका विरोध करते रहे हैं। यही वजह है कि वर्तमान राष्ट्रपति ट्रंप (2025 में पुनः शपथग्रहण के बाद) कहीं इसे कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं तो कहीं शह देते नजर आ रहे हैं। इससे वह अपने ही उद्देश्य में विफल साबित हुए। आपने देखा होगा कि भारत में विगत तीन पारियों से केंद्रीय सत्ता पर काबिज भाजपा ने भी डीप स्टेट पर मोदी सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाया था, जबकि डीप स्टेट मुख्यतः षड्यंत्र सिद्धांत है। कई अमेरिकी सर्वे में वहां के आधे लोग इसके अस्तित्व में विश्वास करते हैं। कहना न होगा कि डीप स्टेट की अवधारणा मूल रूप से एक षड्यंत्र सिद्धांत है जो गुप्त शक्तियों के एक नेटवर्क को संदर्भित करता है। इसका आधुनिक इतिहास तुर्की से जुड़ा है, जहां 1990 के दशक में ₹डेरिन देवलेट₹ (गहरा राज्य) शब्द का इस्तेमाल सेना, खुफिया एजेंसियों और अपराधी तत्वों के गठजोड़ के लिए हुआ।

जहां तक इसके उद्भव की बात है तो इसका प्रारंभिक चरण तुर्की में 1990 के दशक के एक सड़क हादसे से लोकप्रिय हुआ, जिसमें एक राजनेता, पुलिस अधिकारी और माफिया डॉन की मौत हुई। इससे कथित गुप्त गठबंधन यानी डीप स्टेट की चर्चा शुरू हुई। फिर अमेरिका में ओबामा प्रशासन के दौरान इसका जिक्र बढ़ा, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने 2017 से इसे मुख्यधारा में लाकर सीआईए और एफबीआई जैसी एजेंसियों को निशाना बनाया।

जहां तक अमेरिकी संदर्भ में इसके विकास की बात है तो ट्रंप के पहले कार्यकाल में डीप स्टेट को रूस की जांच और अन्य घटनाओं से जोड़ा गया। 2017-18 के सर्वे में लगभग आधे अमेरिकियों ने इसके अस्तित्व में विश्वास जताया। कुछ सिद्धांतकार इसे रोथ्सचाइल्ड, रॉकफेलर जैसे वित्तीय समूहों से जोड़ते हैं, जो 18वीं सदी से बैंकिंग के माध्यम से प्रभाव डालते रहे। जहां तक डीप स्टेट के वैश्विक प्रसार की बात है तो यह तुर्की से निकलकर यह मिस्र, पाकिस्तान और भारत जैसे देशों में फैला। भारत में भाजपा ने 2024 में इसे मोदी सरकार के खिलाफ साजिश से जोड़ा। हालांकि, कतिपय विद्वान इसे अतिशयोक्तिपूर्ण सिद्धांत मानते हैं क्योंकि वो खुद किसी न किसी रूप में डीप स्टेट से लाभान्वित हैं। वास्तव में डीप स्टेट एक षड्यंत्र सिद्धांत है जो सरकारी, सैन्य, खुफिया एजेंसियों और कॉर्पोरेट अभिजात वर्ग के गुप्त नेटवर्क को संदर्भित करता है। यह नेटवर्क लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के बाहर काम करता है और नीतियों को प्रभावित करने का दावा किया जाता है।

मसलन, डीप स्टेट शब्द तुर्की के ₹डेरिन देवलेट₹ से लिया गया है, जो गैर-निर्वाचित तत्वों के समूह को दशार्ता है। अमेरिकी संदर्भ में, यह उकअ, ऋइक, ठरअ जैसी एजेंसियों को लक्षित करता है जो कथित रूप से राष्ट्रपति के फैसलों को बाधित करती हैं। यह समूह अपने विशेष हितों, जैसे सुरक्षा या आर्थिक एजेंडे, को आगे बढ़ाने के लिए गुप्त रूप से सक्रिय रहता है। वहां का पेंटागन, हथियार निमार्ता कंपनियां, नौकरशाही और वित्तीय अभिजात यानी बड़े कॉर्पोरेट्स, बैंकिंग समूह जैसे रॉकफेलर या रोथ्सचाइल्ड भी इससे जुड़े हुए हैं। इतना ही नहीं, गूगल, फेसबुक जैसे टेक दिग्गज और ओपन सोसाइटी फाउंडेशन जैसे एनजीओ भी इसके पार्ट समझे जाते हैं। नौकरशाह और पूर्व अधिकारी, सेवानिवृत्त न्यायाधीश, खुफिया अधिकारी जो वैचारिक प्रतिबद्धताओं से प्रेरित रहते हैं, इसके अंग बन हैं।

# शिमला-मनाली की भीड़ से परेशान? चंडीगढ़ के पास इन 3 खूबसूरत हिल स्टेशनों पर मनाएं सुकून भरी छुट्टियां

चंडीगढ़ के पास भीड़भाड़ से दूर, सुकून भरी छुट्टियां बिताने के लिए शोजा, कनाताल और पंगोट जैसे तीन बेहतरीन हिल स्टेशनों का विकल्प मौजूद है, जहां आपको शिमला-मनाली जैसी भीड़ का सामना नहीं करना पड़ेगा। ये जगहें प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और कम पर्यटक आगमन के कारण प्रकृति प्रेमियों के लिए आदर्श हैं।

पहाड़ों पर घूमने के शौकीन अक्सर छुट्टियां मिलते ही पहाडियों पर ट्रिप का आनंद जरुर लेते हैं। हालांकि, इस दौरान सोशल मीडिया पर पहाड़ों के ट्रैफिक वाले वीडियो वारयल हो रही है। बर्फ से ढकी सड़कों पर गाड़ियों की लंबी कतारें, तो कई टूरिस्ट जगहों पर एक साथ खड़े लोगों की भीड़। अगर आप भी घूमने के लिए सर्च कर रहे हैं सही लोकेशन, जहां सुकून मिले और छुट्टियों का मजा भी खराब न हो। तो इस लेख में हम आपको बताएंगे बर्फ देखने के शौकीन लोग इन जगहों पर जरुर घूमने जाएं। हम आपको चंडीगढ़ के पास घूमने के लिए कुछ बेहतरीन जगहें बताएंगे, जहां आप घूमने जा सकते हैं।



**शोजा, हिमाचल प्रदेश**

हिमाचल प्रदेश में शोजा नाम की एक सुंदर जगह स्थित है, जहां पर लोग कम जाते हैं। कुछ लोग इस जगह के बारे में नहीं जानते हैं। जब मनाली, शिमला और मसूरी जैसे हिल स्टेशनों पर भीड़ होती है, तो कुछ यात्री शोजा में सुकून पल बिताते हैं। आपको बता दें कि, यह एक छोटा सा पहाड़ी गांव है, जो तीर्थन वैली के पास है। यहां पर न तो बड़े-बड़े होटल हैं और न ही पार्टी कल्चर। चारों तरफ देवदार और चीड़ के घने जंगल, छोटे-छोटे लकड़ी के घर। यहां पर प्राकृतिक सुंदरता अपने चरम पर होती है।

**कनाताल (उत्तराखंड)**

न्यू अनुभव के लिए आप उत्तराखंड के कनाताल घूमने जरुर जाएं। यहां पर भीड़ बहुत कम होती है। यह जगह मसूरी से ज्यादा दूर नहीं होती है। यहां पर आपको खुली सड़कें, साफ हवा और शांत माहौल का अनुभव होगा। यह जगह समुद्र तल से करीब 8,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। कनाताल में पार्टी टूरिज्म जैसे लोकेशन नहीं मिलते, इसलिए ट्रैफिक जाम और भीड़भाड़ नहीं होती है।

**पंगोट (उत्तराखंड)**

चंडीगढ़ से बेहद नजदीक है यह जगह। पंगोट नैनीताल के पास है। नैनीताल से बाहर 15 किमी दूर होने की वजह यहां आपको भीड़ कम देखने को मिलेगी। नैनीताल से 15 किलोमीटर दूरी पर पंगोट एक छोटा सा पहाड़ी गांव है। नए साल के समय नैनीताल में होटल फुल हो जाते हैं और सड़कों पर जाम मिलता है, तो यह जगह सुकून और शांति वाली हो जाती है। नेचर लवर्स के लिए यह जगह बेहद शानदार है।

# बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर से वरेण्या ने की मुलाकात

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** वरेण्या ने बिजनौर जाकर जिलाधिकारी जसजीत कौर से मिली और अपने द्वारा लिखित नाटक आधी रात का चांद की एक प्रति भेंट की। इस पर जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि इतनी कम उम्र में तुमने नाटक लिखकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। इस आधुनिक युग मे जहां सभी बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से पढ़ने की बात हो रही है वहीं तुमने हिंदी में नाटक लिखकर हिंदी साहित्य का गौरव बढ़ाया है। तुम आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत हो, जो आजकल मोबाईल में अपना समय व्यर्थ गंवा रहे है उन्हें इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने ने नाटक की थीम के बारे में चर्चा की तो वरेण्या ने बताया कि ये एक पारिवारिक संबंधों की विचारधारा पर आधारित है, समाज में टूटते रिश्तों को जोड़ने पर प्रकाश डाला गया है। अंत में जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शुभकामनाएं और आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# समाधान दिवस में 15 शिकायतें दर्ज 2का हुआ समाधान

वेलकम इंडिया महमूद रजा




जनपद बिजनौर नगीना उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में 15 शिकायत दर्ज की गई जिसमें दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया शेर शिकायतों को संबंधित विभागों को निस्तारण हेतु सौंप दिया गया।

उप जिलाधिकारी नगीना विजय शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमें 15 शिकायत है दर्ज की गई तथा दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तो को संबंधित विभागों को सौंपते हुए आदेशित किया गया की सरकार की मनसा अनुरूप शिकायत कताओं के पास पहुंचकर उक्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए जिससे शिकायत करता संतुष्ट हो सके। टॉप जिलाधिकारी ने बताया कि सरकार की मनसा है कि कोई भी शिकायतकर्ता अधिकारियों के चक्कर ना काटे जिससे शिकायतकताओं का समय अधिकारियों के चक्कर काटने के बजाय अपने कार्य में लग रहे। इस अवसर पर उपलाधिकारी के अतिरिक्त तहसीलदार अमरपाल सिंह नायब तहसीलदार अजब सिंह नायब तहसीलदार नगीना श्याम सुंदर भैंस को अंजनी कुमार चतुवेर्दी व बीडीओ ज्योति सिंह सहित सभी विभागों के थाना प्रतिनिधि कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

## समस्या समाधान के लिए कैंप लगाएं जाएंगे



**राजाखेड़ा धौलपुर।** जेवीवीएनएल उपखंड राजाखेड़ा सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने बताया कि जिन गांवों के उपभोक्ताओं पर बिजली का बिल बकाया है वहां विभाग की तरफ से दिन मंगलवार दिनांक 6/1/2026 को समस्या समाधान के लिए कैंप लगाएं जाएंगे जिसमें गांव धारापुरा सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक उसके बाद गांव दगरा में दोपहर 2 बजे शाम 4 बजे तक कनिष्ठ अभियंता विशाल जायसवाल द्वारा जनसुनवाई की जावेगी इसी प्रकार गांव सांवलिया पुरा में सुबह 11 बजे से 1 बजे तक उसके बाद गांव चीलपुरा में दोपहर 2 बजे से शाम 4.30 बजे तक कनिष्ठ अभियंता रणवीर सिंह मूंड जन सुनवाई कर मौके पर ही समस्याओं का समाधान करेंगे ।सहायक अभियंता तिवारी की लोगो से अपील है कि वो शिविर में आकर अपनी बिल से संबंधित समस्याओं का समाधान करा लें इसके बाद जिन उपभोक्ताओं ने अपना बकाया बिल जमा नहीं किया तो उनके ट्रांसफार्मर को उतार कर कनेक्शन काटने की कार्यवाही की जावेगी।

## बाबू जी कल्याण सिंह की जयंती पर कल्याण सिंह पार्क में हवन-पूजन व माल्यार्पण की गई



**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल श्रद्धेय बाबू जी कल्याण सिंह की जयंती के अवसर पर काली नदी रोड स्थित कल्याण सिंह पार्क में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ हवन–पूजन, प्रसाद वितरण एवं माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता कर बाबू जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने कहा कि बाबू जी कल्याण सिंह सेवा, सुशासन और सामाजिक न्याय के प्रतीक थे, जिन्होंने जीवन भर समाज के अंतिम व्यक्ति के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष दीप्ति मित्तल ने कहा कि बाबू जी का जीवन त्याग, समर्पण और जनहित के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का उदाहरण है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लेते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# हलचल म्यूजिक एवार्ड 2025 बेस्ट सिंगर का अवार्ड खुशी गुप्ता को मिला

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर नगीना 5जनवरी 2 म्यूजिकल सोसाइटी द्वारा नववर्ष पर आयोजित पहले हलचल म्यूजिक एवार्ड 2025 में बेस्ट सिंगर का अवार्ड खुशी गुप्ता को मिला बीती शाम नगर में संगीत कार्यक्रम के आयोजन की एकमात्र संस्था हलचल म्यूजिक सोसाइटी के द्वारा स्थानीय रॉयल रेस्टोरेंट में पहले हलचल म्यूजिक अवार्ड का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शरुआत सोसाइटी के पदाधिकारियों क्रमशः शीतल अग्रवाल, सी. के.सिंह, आशा माहेश्वरी, ऋतु गर्ग एवं डॉ.अंजू बिश्नोई द्वारा दीप जलाकर की गई। इसके बाद रंगारग कार्यक्रम में हलचल म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों क्रमशः खुशी गुप्ता, अलपिका अग्रवाल, साक्षी सैनी, विशाल सैनी, स्वाति जैन, स्वाति अग्रवाल, अमन, राजपाल सिंह, सुकृती, ईश्वर एवम मेहमान कलाकार के रूप में वृद्धि थापन(बिजनोर)व मन गुप्ता और विशाल गुप्ता(बढ़ापुर)ने अपनी मधुर आवाज में शानदार गीतों को सुनाकर स्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया ।सोसाइटी के पहले हलचल म्यूजिक अवार्ड में खुशी गुप्ता को बेस्ट सिंगर का अवार्ड, जबकि डॉ. अंजू बिश्नोई को बेस्ट एंकर और के.के. बिश्नोई को बेस्ट पोएट का अवार्ड मिला ।मशहूर हास्य कवि हुड़दंग नगीनवी ने अपनी हास्य रचनाओ से जहाँ स्रोताओं को गुदगुदाया, वहीँ मीनाक्षी मलिक, डॉ. अंजू बिश्नोई और के.के.बिश्नोई ने अपनी रचनाओं में समाजिक कुरीतियों पर प्रहार कर श्रोताओं को सोचने पर विवश कर दिया ।कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में शामिल डॉ. आदित्य अग्रवाल को संरक्षक शीतल अग्रवाल व कोषाध्यक्ष स्वाति अग्रवाल द्वारा शॉल उढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया ।जबकि एफ. एम. रेडियो मुरादाबाद के आर.जे. आनंद सैनी और रेनू सैनी को उनके योगदान के लिये सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम के आयोजन में विशेष सहयोग के लिये किशना स्टोर की प्रोपराइटर जूही बिश्नोई व चैयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष व नगीना नगरपालिका की चैयरपर्सन ताहिरा खलील के पुत्र हरदिल अजीज युवा नेता शेख शहनवाज खलील को सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ. अंजू बिश्नोई व डायरेक्टर सुशील गुप्ता द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किये गए।

## राजकीय विधि महाविद्यालय धौलपुर में नषा मुक्ति हस्ताक्षर अभियान चलाया



वेलकम इंडिया

**धौलपुर।** नशा मुक्ति अभियान के तहत राजकीय विधि महाविद्यालय धौलपुर में एक हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाना है और लोगों को नशे से मुक्ति के लिए प्रेरित करना है। प्राचार्य चन्द्रशेखर दीक्षित ने बताया कि महाविद्यालय के अधिकांश छात्र/छात्राओं ने इस हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया और लोगों से अपील की वे नशे के खिलाफ इस लडाई में हमारे साथ जुडें। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से संदेश दिया गया है कि नशा परिवार, समाज व देश के पतन का कारण है और इस बुराई को जड से समाप्त करना है। इस हस्ताक्षर अभियान में महाविद्यालय के आचार्य डॉ0 नीलू गोयल, सहायक आचार्य श्रीमती हेमलता मीना, श्री मनमोहन जैसवाल व श्री यगेन्द्र नारायण सिंह ने छात्र/छात्राओं को नषा न करने की शपथ दिलाई।

## नव निर्मित दुष्यंत कुमार सभागार का जिलाधिकारी ने फीता काटकर उद्घाटन किया


वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर नजीबाबाद तहसील प्रांगण में बैठक एवं संपूर्ण समाधान दिवस अब नव निर्मित दुष्यंत कुमार सभागार में होंगी। तहसील प्रांगण में स्थित नव निर्मित कवि दुष्यंत कुमार सभागार का जिलाधिकारी जसजीत कौर ने फीता काटकर उद्घाटन किया। तहसील परिसर में लगभग 35 लाख रुपये की लागत से नव निर्मित दुष्यंत कुमार सभागार निर्मित किया गया है नवनिर्मित कवि दुष्यंत कुमार सभागार राजपुर नवादा निवासी हिंदी गजल के प्रणेता एवं महान साहित्यकार दुष्यंत कुमार के नाम पर सभागार का नाम रखा गया है। तहसील प्रशासन के अपने नवनिर्मित सभागार का उद्घाटन के साथ संपूर्ण समाधान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभी तक बैठकें और संपूर्ण समाधान दिवस कार्यक्रम चौधरी चरण सिंह डवाकरा हॉल में आयोजित की जाती थी। लेकिन अब यह नव निर्मित दुष्यंत कुमार सभागार में आयोजित होगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, ब्लाक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, तहसीलदार संतोष यादव, नायब तहसीलदार अमित कुमार उपस्थित रहे।

## शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ करना सुनिश्चित करें - डीएम जसजीत कौर

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर नजीबाबाद नगर की तहसील क्षेत्र में स्थित नव निर्मित दुष्यंत कुमार सभागार में जिलाधिकारी जसजीत कौर ने लोगों की समस्याओं को सुना और कई मामलों में त्वरित कार्रवाई का आदेश दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा कहा कि सभी शिकायतों का निस्तारण पूर्ण मानक के अनुसार किया जाए ।इस दौरान उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, सीओ नितेश प्रताप सिंह, तहसीलदार संतोष कुमार सहित समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम जसजीत कौर ने अधिकारियों को निर्देश दिये सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ करना सुनिश्चित करें तथा आगामी तहसील दिवस से पूर्व सभी शिकायतों का निस्तारण पूर्ण मानक के अनुसार कर लिया जाए और कोई भी शिकायत लंबित न रहने पाए। इस अवसर पर तेहीस शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया ।प्राप्त शिकायती व प्रार्थना पत्रों में राजस्व विभाग की सौलह ,पुलिस विभाग की दो, विकास विभाग की एक, एवं अन्य विभागों की चार शिकायतें आई है इस अवसर पर अनेक विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# समदृष्टि क्षमता विकास अनुसंधान मंडल का जिला अधिवेशन संपन्न

वेलकम इंडिया



**धौलपुर।** दिव्यांगों की सेवा में अहर्नेश सेवारत राष्ट्रीय संगठन समदृष्टि क्षमता विकास अनुसंधान मंडल (सक्षम) धौलपुर के द्वारा जिला संगठन का जिला अधिवेशन स्थानीय भार्गव वाटिका में संपन्न हुआ। प्रारंभ में मंचासीन अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती जी एवं अष्टावक्र जी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों के परिचय के साथ उनका सक्षम संगठन का दुपट्टा डालकर स्वागत किया गया। अधिवेशन के मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री देवेंद्र सिंह जंगल तथा अध्यक्षता बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हरिओम जी गर्ग ने की। जयपुर से पधारे मुख्य वक्ता के रूप में डॉ अशोक जी सोलंकी राष्ट्रीय सह संयोजक युवा प्रकोष्ठ रहे। तथा सक्षम के संरक्षक डॉ आर एस गर्ग एवं विमल भार्गव उपस्थित रहे मुख्य वक्ता ने कहा कि दिव्यांगों का जीवन सुलभ हो उनको शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक समरसता ,स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न आयामों और प्रकोष्ठों के माध्यम से उन्हें जोड़कर उनका देश में क्या योगदान हो सकता है इस पर कार्य किया जा रहा है दिव्यांगों की समस्या को दूर किया जावे इस हेतु सक्षम की स्थापना 2008 में नागपुर में की गई। सक्षम के प्रयासों से सरकार द्वारा एक्ट बनवाकर 21 प्रकार के लोगों को दिव्यंगता की श्रेणी में लाया गया। दिव्यांग लोगों की क्षमता का विकास कर उन्हें सक्षम बनाना ही संगठन का उद्देश्य है। हम किस प्रकार उनकी सहायता कर सकते हैं इस पर विचार करना चाहिए। मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि जिले में 15000 दिव्यांग जन है सरकार अंतिम दिव्यांग तक पहुंचाना चाहती है पिछले वर्ष 781 दिव्यांगों को विभिन्न प्रकार के उपकरण जारी किए गए हैं उन्होंने सक्षम संगठन को धन्यवाद दिया कि उन्हें संगठन ने बुलाकर सम्मान दिया है। अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर हरिओम गर्ग ने कहा कि दिव्यांग लोग अपने आप को अक्षम नहीं समझे हम सब कुछ बन सकते हैं हमें अपने मन के अंदर की भावनाओं का विकास करना है। डॉ आर एस गर्ग और विमल भार्गव ने कहा कि सक्षम की टीम के द्वारा अच्छे कार्य किया जा रहे हैं अंत में सभी दिव्यांगों की समस्याओं को सुना गया तथा सभी दिव्यांगों को कंबल और मिष्ठान का वितरण किया गया। संचालन देवकीनंदन शर्मा जी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सक्षम के जिला अध्यक्ष संजय सोनी ने किया।

# 'बंधन प्यार का' फिल्म का पोस्टर लांच, जल्द होगी शूटिंग शुरू



वेलकम इंडिया

**खुर्जा।** खुर्जा पहला ग्रुप के द्वारा खुर्जा फिल्म स्टूडियो का भव्य रूप से विराज फैमिली रेस्टोरेंट में उद्घाटन हुआ। ग्रुप के अध्यक्ष विपिन सिसोदिया ने बताया कि खुर्जा पहला ग्रुप के द्वारा सामाजिक कार्य में पहल करने का कार्य करेगी साथ ही साथ लोगों का मनोरंजन के रूप में भी कार्य करेगी। खुर्जा फिल्म स्टूडियो का उद्घाटन के दौरान आने वाली फिल्म बंधन प्यार का पोस्टर लांच किया जो फिल्म सिनेमा हॉल के लिए बनाई जाएगी। फिल्म की शूटिंग जनवरी माह से शुरू होगी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में बतौर हीरोइन यामिनी ठाकुर नजर आएंगी। खुर्जा पहला ग्रुप लॉन्चिंग के दौरान खुर्जा शहर के विख्यात कलाकार उपस्थित रहे और उनके कर कमल द्वारा फिल्म का पोस्टर लांच किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कलाकारों का भव्य स्वागत करते हुए शील्ड देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में प्रताप सिंह धनौलिया, दिनेश वर्मा, शीतल रानी, वीरेंद्र गुप्ता, नीरज सैनी, संजना कोली, सविता गौतम, गुनगुन गौतम, योगिता शर्मा, आयुष्मान अवड़े, विवेक सम्यक, अजीत प्रजापति, केशव, मोहित पंडित आदि सम्मानित कलाकार उपस्थित रहे।

# तीन बच्चियों की मौत, कनेरफल खाने से, परिजनों में कोहराम

वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के करधना गांव में रविवार की दोपहर में बच्चों के साथ बगीचे में खेल रही तीन बच्चियों ने कनेरफल उठाकर खा लिया।जिनसे तीनों बच्चियों की मौत हो गई घटना की सूचना पर सोमवार की देर शाम एडीसीपी वैभव बांगर समेत पुलिस मौके पर पहुंच जांच-पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार करधना गांव में रविवार की दोपहर में मिथिलेश प्रजापति की दो पुत्री हर्षिता प्रजापति उम्र (6) वर्ष व अंशिका प्रजापति उम्र (3) वर्ष व पड़ोस के मनीष प्रजापति की पुत्री नैंसी प्रजापति उम्र (4) वर्ष अन्य चार बच्चों के साथ बगीचे में खेल रही थी उसी समय बगीचे के बगल में कनेरफल का पेड़ था खेलते-खेलते हर्षिता, अंशिका व नैंसी गिरे हुए फल को उठाकर खाली थोड़ी देर बाद तीनों बच्चियां उलटी करने लगी तो सभी के परिवार के लोग मौके पर पहुंच खेल रहे अन्य बच्चों से पूछे तो सब ने बताया कि यही पर फल गिरा था वही उठाकर खाली।ज्यादा तबियत खराब होने पर सभी परिवार के लोग तत्काल अपने बच्चों को लेकर जंसा स्थित छाया हॉस्पिटल पहुंचे जहां डॉक्टर ने हर्षिता को मृत घोषित कर दिया वही अंशिका व नैंसी को डॉक्टर वाराणसी रेफर कर दिया। परिजनों नैंसी को बीएचयू लेकर पहुंचे और अंशिका को पहड़िया स्थित ओम किलकारी हॉस्पिटल लेकर गए जहां एक बजे रात में डॉक्टर ने अंशिका को दीनदयाल हॉस्पिटल रेफर कर दिया जहां परिजन लेकर पहुंचे तो उसकी मौत हो चुकी थी वही नैंसी का सोमवार की सुबह आठ बजे इलाज के दौरान बीएचयू में मौत हो गया। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिये हर्षिता व अंशिका का वाराणसी में जल प्रवाह कर दिये और पुलिस ने नैंसी का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को दिया परिजन उसका भी जल प्रवाह वाराणसी में कर दिये।गांव में एक साथ तीनों शव पहुंचे पर मोहाल गमगीन हो गया वही मृतक हर्षिता व अंशिका की मां मनीषा देवी व नैंसी की मां अंजनी देवी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

## झोंपड़ी में आग लगने से आठ बकरियों की जलकर हुई मौत

**पहासू/बुलंदशहर।** पहासू क्षेत्र के गांव नगला खेड़ा में गरीब मजदूर की झोंपडी में आग लगने से उसमें बंधी आठ बकरियों की झुलस कर मौत हो गई। लाखों की कीमत की बकरियों की मौत के बाद पूरा परिवार सदमे में है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। सूचना पर रात में ही पहुँची पुलिस ग्रामीणों से पूछताछ में जुट गई। क्षेत्र के गांव नगला खेड़ा निवासी खड़क सिंह पुत्र शंकर पाल सिंह बकरिया पाल कर तथा मेहनत मजदूरी कर अपना गुजारा चलाता है। रविवार शाम को जंगल से लाकर बकरियों को घर में बनी झोपड़ी में बांध दिया था। रात 11 बजे तक सब कुछ सामान्य था। 12 बजे करीब अचानक झोपड़ी में आग लग गई। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई तब तक झोपड़ी में बंधी सभी आठ बकरियां जल कर मर चुकी थी।

# अयोध्या-काशी मथुरा के बाद नाथ नगरी में पर्यटकों की ऐतिहासिक बाढ़

वेलकम इंडिया/खालिद खान

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने वाले विजन का असर अब साफ दिखने लगा है। नाथ नगरी बरेली में आस्था की ऐसी बयार चली है कि पर्यटकों की कुल संख्या एक करोड़ के पार पहुंच गई है। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु और सैलानी अब बरेली को प्रमुख धार्मिक पर्यटन गंतव्य के रूप में देख रहे हैं। पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2023 में 81.56 लाख, 2024 में 99.13 लाख, जबकि 2025 में 1.00 करोड़ से अधिक पर्यटक बरेली पहुंचे। यही नहीं, विदेशी पर्यटकों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। 2023 में जहां केवल 911 विदेशी आए थे, वहीं 2025 में यह संख्या 1056 तक पहुंच गई है। योगी सरकार द्वारा अयोध्या, मथुरा और काशी की तरह धार्मिक स्थलों को पर्यटन से जोड़ने की नीति का लाभ अब बरेली को भी मिल रहा है। स्मार्ट सिटी बरेली में मौजूद सात नाथ मंदिरों को जोड़कर नाथ कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। पहले चरण का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि दूसरे चरण के काम तेजी से चल रहे हैं। नाथ कॉरिडोर के पूर्ण होने के बाद पर्यटकों की संख्या में और उछाल आने की संभावना जताई जा रही है। योगी सरकार सिर्फ भीड़ नहीं, बल्कि पर्यटकों के ठहराव पर भी जोर दे रही है।इसी कड़ी में लाइट एंड साउंड शो की तैयारियां की जा रही हैं और होमस्टे योजना के तहत जगह-जगह आवास विकसित किए जा रहे हैं। अधिकारियों का मानना है कि ठहराव बढ़ेगा तो स्थानीय व्यापार, होटल, परिवहन और रोजगार को सीधा लाभ मिलेगा। पर्यटन विभाग के अनुसार जनवरी से मार्च और सितंबर से दिसंबर के बीच पर्यटकों की आवाजाही सबसे अधिक रहती है।जनवरी 2023 में 6.20 लाख भारतीय, जनवरी 2024 में 7.05 लाख और जनवरी 2025 में 7.76 लाख भारतीय पर्यटक बरेली पहुंचे। नवंबर और दिसंबर पर्यटन के लिहाज से सबसे बेहतर साबित हो रहे हैं, जब 2025 में 10.56 लाख से अधिक भारतीय पर्यटक जिले में आए। उप निदेशक पर्यटन रवींद्र कुमार ने बताया कि जिले में पर्यटकों की गणना के लिए होटल, धर्मस्थल और वीडियोग्राफी सर्वे का सहारा लिया जाता है। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर वार्षिक मूल्यांकन किया जाता है। जिले में करीब 20 प्रतिशत की वृद्धि भविष्य के लिए शुभ संकेत है। नाथ कॉरिडोर, होमस्टे और सांस्कृतिक आयोजनों के साथ बरेली को योगी सरकार का अगला धार्मिक पर्यटन हब बनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

## सार संक्षेप

### कल्याण सिंह की मनाई गई जयंती, चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया नमन



वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में सोमवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल कल्याण सिंह की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी गई।महाविद्यालय के प्रबंधक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम ने कहां की किसान परिवार में बाबू जी ने जन्म लिया और बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़कर खुद को राष्ट्रभक्ति के सांचे में ढाला था।उन्होंने कल्याण सिंह को 'सुशासन का प्रतीक' बताया और राम मंदिर आंदोलन में उनके ऐतिहासिक त्याग को याद किया।भाजपा नेता राम शकल पटेल ने कहां की कल्याण सिंह ने जब राम जन्मभूमि आंदोलन अपने चरम पर पहुंचा तो रामभक्तों की भावनाओं का सम्मान करते हुए, उन्होंने अपने आराध्य भगवान राम के लिए अपनी सत्ता तक कुर्बान करने में जरा भी संकोच नहीं किया।ऐसे राष्ट्रवादी कल्याण सिंह को कभी भुलाया नही जा सकता है।इस अवसर पर डॉ. आशुतोष उपाध्याय, योगेश सिंह, किशोरी सेठ, अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', वीरेंद्र विश्वकर्मा, राजकुमार मौर्या, रामजी यादव, गोलू यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### महिला महाविद्यालय की छात्रा ने पंजाब डांस प्रतियोगिता में लहराया परचम

वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित स्व. वंशनरायण सिह महिला महाविद्यालय की छात्रा नंदनी सेन ने पंजाब में पहराया परचम। जानकारी के अनुसार डांस स्पोर्ट कौंसिल ऑफ इंडिया, डांस स्पोर्ट्स काउंसिल आफ पंजाब के द्वारा 2025 -26 के अंतर्गत दिनांक 3 व 4 जनवरी 2026 को पंजाब के जालंधर में आयोजित हुए 12ई नेशनल सिंगिंग, इंस्ट्रूमेंटल, पेंटिंग, मॉडलिंग, डांस एंड स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025-26 की प्रतियोगिता हुई जिसमें नंदनी सेन ने अंडर-19 एबब में सेमी क्लासिकल एवं क्लासिकल डांस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें सेमी क्लासिकल डांस में प्रथम स्थान व क्लासिकल डांस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसके पूर्व भी नंदिनी सेन के द्वारा विभिन्न जगह शिमला, नैनीताल, मुरादाबाद, नेपाल में आयोजित डांस प्रतियोगिता में भाग लिया था। जिसमें प्रथम स्थान पाकर गोल्ड मेडल जीत चुकी है। नंदनी सेन की जीत पर स्व. वंशनरायण सिह महिला महाविद्यालय के प्रबंधक संजीव सिह गौतम ने खुशी जाहिर करते हुए कहा की विद्यालय की बी.ए तृतीय वर्ष की छात्रा ने अपने प्रदेश व गांव व विद्यालय का नाम रौशन किया है।जल्द ही छात्रा को विद्यालय में सम्मानित किया जायेगा। ज्ञात हो की नंदनी के पिता इंस्पेक्टर त्रिवेणी लाल सेन वर्तमान में चंदौली जिले में प्रभारी निरीक्षक धानापुर पर नियुक्त है।

### आवेदकों के लिए वेटिंग रुम व 21 दिन प्रमाणपत्र के लिए बनेगी अलग विंडो

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज सुबह जन्म-मृत्यु विभाग का औचक निरीक्षण किया और वहां प्रमाण पत्र लेने आये लोगों से बात कर समस्याओं की जानकारी ली। नगरायुक्त ने निगम परिसर में बनी आवेदन खिड़की पर आवेदन जमा कराने आये लोगों और कर्मचारियों से भी वार्ता की। उन्होंने अधिकारियों को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों को समय से निर्गत करने के लिए व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। नगरायुक्त शिपू गिरि, आज सुबह अपर नगरायुक्त मृत्युंजय के साथ औचक जन्म-मृत्यु विभाग पहुंचे और प्रमाण पत्र लेने आये लोगों से वार्ता की। अनेक लोगों का कहना था कि उन्हें प्रमाण पत्र मिलने में विलंब हो रहा है। पूछे जाने पर कर्मचारियों ने बताया कि कुछ लोंगों की फाइल एसडीएम सदर के यहां से न आने के कारण विलंब हो रहा है। कुछ आवेदकों का कहना था कि स्कूल के लिए उन्हें जन्म प्रमाण पत्र की अति आवश्यकता है। इस पर नगरायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन लोगों को बच्चों के प्रमाण पत्रों की स्कूलों के लिए आवश्यकता है, प्राथमिकता के साथ उनके आवेदनों पर कार्रवाई करें।

# एग्जाम के बहाने घर से निकली युवती, ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** नवाबगंज के बिजोरिया रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार सुबह 26 वर्षीय युवती गुलनाज उर्फ नरगिस ने ट्रेन की चपेट में आकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका की पहचान लल्ला मार्केट निवासी फहीम की पुत्री के रूप में हुई। घटना के समय गुलनाज के पास मिला सुसाइड नोट उसकी मौत की वजह बताता है। परिवार ने बताया कि गुलनाज बरेली के एक इंस्टिट्यूट में परीक्षा की तैयारी कर रही थी। सोमवार सुबह करीब सात बजे वह परीक्षा देने घर से निकली और अपनी मां शहनाज से कहकर गई, मैं जा रही हूं, अपना ख्याल रखना। देर हो रही है, बस छूट जाएगी। पर किसी को अंदाजा नहीं था कि गुलनाज ट्रेन से जाएगी और कभी वापस नहीं लौटेगी।

घटना के बाद सूचना पाकर नवाबगंज पुलिस और पीलीभीत रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। घायल युवती को सीएचसी नवाबगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। परिवार ने बताया कि गुलनाज ने अपने पर्स में सुसाइड नोट लिखा था। उसमें उसने बैंक से निकाले दस हजार रुपये और झुमके अलमारी में रखने की जानकारी दी। सुसाइड नोट में गुलनाज ने लिखा है कि वह अपनी जिंदगी से ऊब चुकी है और किसी को परेशान न किया जाए। परिजनों का कहना है कि गुलनाज की आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# फार्मर रजिस्ट्री के लिए किसानों को जागरूक करेगा प्रचार वाहन

वेलकम इंडिया




**वाराणसी मिजार्मुराद।** एग्रीस्टेक योजनांतर्गत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाए जाने के संबंध में सोमवार को जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने सदर तहसील से जनपद के सभी 8 विकास खण्डों में फार्मर रजिस्ट्री के प्रचार वाहन हेतु प्रचार वाहन को को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन 5 जनवरी से आगामी 20 जनवरी तक प्रतिदिन सभी विकास खंडों के राजस्व ग्रामों में भ्रमण करते हुए किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के लि जानकारी प्रदान करेगा।

फार्मर रजिस्ट्री नही करायी तो सरकारी योजनाओं से वंचित होंगे किसान

फार्मर रजिस्ट्री नहीं होने पर किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली धनराशि प्राप्त नहीं होगी। प्राकृतिक आपदाओं से फसलों की क्षति होने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल का मुआवजा नहीं मिलेगा।न्यूनतम समर्थन मूल्य में आपकी फसलों की बिक्री नहीं हो पाएगी। सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ नहीं मिलेगा, जैसे कि किसान क्रेडिट कार्ड आदि।भविष्य की जन कल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ नहीं मिलेगा। जनपद में 237931 के सापेक्ष 161713 किसानों की हुई फार्मर रजिस्ट्री

जनपद के उप कृषि ने अमित जायसवाल ने बताया कि जनपद में 237931 किसानों के सापेक्ष 161713 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनायी गयी है जबकि अभी भी 76218 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनायी जानी है।

इस दौरान उप कृषि निदेशक अमित जायसवाल,जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह मौर्या, आशुतोष आदि उपस्थित रहे।

## उपनिरीक्षक केपी सिंह का दिल का दौरा पड़ने से हुआ निधन

**रामघाट/बुलंदशहर।** रामघाट क्षेत्र के नगला चिरौरी निवासी कुंवरपाल सिंह उर्फ केपी सिंह की हृदय गति रुकने के कारण निधन हो गया। जोकि जनपद बदायूं के उझानी थाने में तैनात थे। उप निरीक्षक केपी सिंह को हार्ट अटैक आने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत मौत की खबर से पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। उधर उप निरीक्षक केपी सिंह के पार्थिव शरीर को बदायूं पुलिस लाइन में लाया गया। जहां पर एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समस्त पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों ने अंतिम सलामी देकर कंधा दिया और उनके पार्थिव शरीर को परिजनों के सुपर्द किया गया। इस दुखद घटना से परिजनों का रोरो कर बुरा हाल है। मृतक के चचेरे भाई बिजेंद्र सिंह ने जानकारी दी है कि सोमवार देर शाम को गमगीन माहौल में जनपद बुलंदशहर के रामघाट घाट पर सह सम्मान पूर्वक केपी सिंह का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

## महापौर ने दिए तिब्बती मार्केट का अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने निगम के अधिकारियों को अवैध रुप से अतिक्रमण कर स्थापित हुई तिब्बती मार्किट का अतिक्रमण हटवाने तथा शहर के मुख्य पुलों के नीचे किये गए अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश दिए है। उन्होंने शहर की सुचारु यातायात व्यवस्था के लिए वेंडरों को भी चिह्नित वेंडिंग जोन में स्थानांतरित करने को कहा है। महापौर ने प्रशासन को साप्ताहिक बंदी का सख्ती से पालन कराने के लिए भी पत्र भेजा है। महापौर डॉ. अजय कुमार ने निगम अधिकारियों के साथ आज एक बैठक कर नेहरु मार्किट के निकट अतिक्रमण कर बनी तिब्बती मार्किट को हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उक्त स्थान पर किसी को कोई आवंटन निगम की ओर से कभी नहीं किया गया था।

# फैक्कर गैंग के 03 शातिर बदमाश गिरफ्तार फायरिंग में प्रयुक्त अवैध असलहा व कार बरामद



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बाबूगढ़ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम मुबारिकपुर सलामतपुर एवं थाना सिम्भावली क्षेत्र के ग्राम हिम्मतपुर में हुई फायरिंग की घटनाओं में संलिप्त फैक्कर गैंग के तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध असलहा तथा एक कार बरामद की है। पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं और इनके विरुद्ध जनपद मेरठ, हापुड़ व गाजियाबाद में करीब एक दर्जन आपराधिक मुकदमे पंजीकृत हैं।पुलिस के अनुसार, अभियुक्त लंबे समय से क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। गिरफ्तारी से क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों के नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। पुलिस द्वारा अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की विस्तृत जांच की जा रही है तथा आगे की विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

# पीएनबी बैंक में सेंधमारी की कोशिश से हड़कंप चोरों ने काटी खिड़की, पुलिस गश्त पर उठे सवाल

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** सिरौली कस्बे में चोरों ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था को खुली चुनौती देते हुए पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में सेंधमारी की सनसनीखेज कोशिश की। देर रात बैंक के पिछले हिस्से की खिड़की काटकर चोर अंदर दाखिल हुए और स्टोर रूम तक पहुंच गए, लेकिन नकदी और लॉकर तक पहुंचने से पहले ही उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। बैंक के भीतर तोड़फोड़ के निशान साफ दिखाई दे रहे हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोर काफी देर तक बैंक परिसर में मौजूद रहे और सेफ समेत अन्य महत्वपूर्ण हिस्सों को तोड़ने का प्रयास करते रहे। इसी रात कस्बे में खड़े एक वाहन का शीशा काटकर उसमें रखा सामान चोरी होने की घटना भी सामने आई है। लगातार हो रही इन घटनाओं से स्थानीय लोगों में डर और नाराजगी दोनों साफ नजर आ रही है। बैंक जैसी संवेदनशील जगह में चोरी की कोशिश के बाद ग्रामीणों और व्यापारियों ने सिरौली पुलिस की रात्रि गश्त पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। लोगों का कहना है कि अगर पुलिस की नियमित पेट्रोलिंग होती तो चोरों के हौसले इतने बुलंद न होते। इस मामले में सिरौली थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बैंक में चोरी के प्रयास की सूचना मिली है। उन्होंने कहा कि बैंक प्रबंधन या पीड़ित पक्ष से लिखित तहरीर मिलते ही विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीमों को अलर्ट कर दिया गया है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस ने बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके। वहीं कस्बे के व्यापारियों और नागरिकों ने पुलिस से रात की गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके।

# फर्जी ट्रेडिंग फर्मों और आधार-पैन की चोरी से करोड़ों का काला खेल, दो गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** भुता क्षेत्र में पुलिस ने हवाला कारोबार से जुड़े एक बड़े नेटवर्क का पदार्फाश करते हुए दो शातिर अपराधियों को दबोच लिया है। ये आरोपी भोली-भाली जनता को जाल में फंसाकर उनके आधार और पैन कार्ड हासिल करते थे और फिर उन्हीं दस्तावेजों से बैंक में फर्जी म्यूल अकाउंट खुलवाकर करोड़ों रुपये के हवाला धन का लेन-देन कर रहे थे। सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शाहिद पुत्र जमील अहमद, निवासी ग्राम केसरपुर थाना भुता और अमित गुप्ता पुत्र रामधुन गुप्ता, निवासी सुनारो वाली गली काकर टोला थाना बारादरी शामिल हैं। दोनों के खिलाफ थाना भुता में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि हवाला कारोबार से जुड़े दोनों आरोपी कस्बा भुता में सक्रिय हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने उदयपुर पुलिया के पास जाल बिछाया और दोपहर करीब 11:50 बजे दोनों को मौके से दबोच लिया। तलाशी में शाहिद के पास से ओपो मोबाइल फोन व 3000 रुपये नकद और अमित के पास से रेडमी मोबाइल फोन व 3000 रुपये नकद बरामद किए गए। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने पुलिस के सामने चौंकाने वाले राज उगले। उन्होंने बताया कि वे लोगों को व्यापार में मुनाफा दिलाने का लालच देकर उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य दस्तावेज ले लेते थे।

# राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ में हापुड़ राहुल बने जिलाध्यक्ष, संजीव सिंह सेंगर ने किया मनोनयन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ के विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत संगठन को हापुड़ जनपद में नई मजबूती मिली है। संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. इंद्रेश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह सेंगर, स्वतंत्र प्रभारी विक्रमादित्य सिंह जूदेव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रिन्स जैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) इकबाल त्यागी एवं उत्तरप्रदेश अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा की सहमति से राहुल को हापुड़ जनपद का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह सेंगर द्वारा जारी मनोनयन पत्र के अनुसार, राहुल का यह मनोनयन मनोनयन की तिथि से एक वर्ष के लिए प्रभावी रहेगा, जिसे कार्य संतोषजनक पाए जाने पर आगे भी विस्तारित किया जा सकेगा। संगठन ने उनसे अपेक्षा जताई है कि वे जनपद में गौसेवा, गौरक्षा एवं समाजसेवा के कार्यों को गति देंगे और संगठन को मजबूत करेंगे।इसी क्रम में संगठन के विस्तार को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से संजीव सिंह सेंगर को जिला उपाध्यक्ष, हापुड़ पद की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। यह मनोनयन भी एक वर्ष की अवधि के लिए किया गया है। संगठन नेतृत्व ने विश्वास जताया है कि उनके अनुभव और समर्पण से जनपद स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी।मनोनयन पत्र में निर्देश दिए गए हैं कि नवनियुक्त पदाधिकारी 30 दिनों के भीतर संगठन विस्तार से संबंधित जानकारी राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं।

## आवारा कुत्तों का आतंक

# सरकारी अस्पताल में उमड़ी काटे गए मरीजों की भीड़

वेलकम इंडिया





**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** सोमवार को दो दिन की छुट्टी के बाद सरकारी अस्पताल खुलते ही आवारा कुत्ते, बिल्ली व बंदर के काटने से घायल महिला, पुरुष और बच्चों की भारी भीड़ अस्पताल परिसर में उमड़ पड़ी। अचानक बड़ी संख्या में मरीज पहुंचने से कुछ समय के लिए अस्पताल कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। चिकित्सकों व फार्मासिस्टों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार देकर एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई और उन्हें आवारा जानवरों से दूर रहने की सलाह दी।

कस्बा व आसपास के गांवों में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन लोग इनके हमलों का शिकार हो रहे हैं। सोमवार को अस्पताल पहुंचे घायलों में कस्बा निवासी हिमांशु, भभीसा निवासी पुनीत, घसौली निवासी बच्चे सृष्टि व कार्तिक, भारसी निवासी बालक पुनीता, चारु चौधरी, लिसाढ़ निवासी शिवांशी, पंजखोरा निवासी कृष्णपाल, डुंगर निवासी किशोरी,हिमांशी, सरनावली निवासी संजीव तथा कांधला निवासी देवकुमार, बिट्टू व शिवम शामिल रहे। सभी को आवारा कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया।


अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट सुधाकर प्रसाद ने बताया कि सभी पीड़ितों को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाकर प्राथमिक उपचार दे दिया गया है। जिन मरीजों की हालत गंभीर थी, उन्हें सीरम इंजेक्शन के लिए दिल्ली के अस्पताल रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में प्रतिदिन एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध रहती है।घायल पीड़ितों व उनके परिजनों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद आवारा कुत्तों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। गलियों व सड़कों पर कुत्तों के झुंड घूम रहे हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। पीड़ितों ने नगर व क्षेत्र से आवारा जानवरों पर जल्द नकेल कसने की मांग की है। पालिका लिपिक अशोक कुमार का कहना है कि प्रशासन को आवारा जानवरों पर नकेल करने के लिए अनुमति मांग रखी है? अनुमति मिलते ही अभियान चलाकर बंदरों व आवारा कुत्तों को पकड़ा जाएगा।

## घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बिजली घर मार्ग निवासी एक महिला ने पड़ोस के कई लोगों पर उसके दो पुत्रों के साथ घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को थाना क्षेत्र के नई बस्ती बिजली घर मार्ग निवासी महिला नजमा पत्नी सलीम ने बताया कि दोपहर के समय वह घर पर बैठी हुई थी तभी पड़ोस के कई लोग पीड़ित के घर पर पहुंचे और उसके दो पुत्रों के साथ जमकर मारपीट की और शराब होने पर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित महिला ने थाने पर पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दूसरे पक्ष के कासिम ने भी थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## हापुड़ बार एसोसिएशन चुनावः अध्यक्ष समेत विभिन्न पदों के लिए अधिवक्ताओं ने किया नामांकन

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** नगर के फ्रीगंज रोड स्थित कचहरी परिसर में हापुड़ बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। नामांकन दाखिल करने की अंतिम समय-सीमा शाम 4 बजे समाप्त होने के उपरांत विभिन्न पदों के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की सूची जारी की गई।

अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मुकेश कुमार त्यागी देवेन्द्र सिंह (नवादा)पुरुषोत्तम वर्मा सचिव पद रवि कुमार कुलदीप सिंह तोमर वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद मन्जूर अहमद मुकुल कुमार अग्रवाल कोषाध्यक्ष पद मौ० मुशाहिद रमेश चन्द लोधी कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पवन तोमर कुलदीप शर्मा गौरव शर्मा सह सचिव (प्रशासन)सुरजन सिंह सैनी सलीम सरफराज अली सह सचिव (पुस्तकालय)आशीष शर्मा विमल कुमार सह सचिव (प्रकाशन)हर्षित जिंदलवरिष्ठ सदस्य पद सुधीर कुमार राणा ठा० राम अवतार सिंह तोमर देवेन्द्र कुमार (सागर)दिलशाद चौधरीधर्मेन्द्र कुमार जमील अहमद कनिष्ठ सदस्य पदअतुल कुमार कुलदीप कुमार दीपक कुमार शर्मा सचिन कुमार शर्मा मौ० अनस कुरैशी बिजेन्द्र सिंहआमिर खान नामांकन प्रक्रिया के दौरान कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं में चुनाव को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार आगामी तिथि को नामांकन पत्रों की जांच एवं नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी।

## सार संक्षेप

### समाजवादी पार्टी के नेता हादी अपने समर्थको के साथ प्रजा राज्य पार्टी में शामिल हुए



**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय प्रजा राज्य पार्टी (राप्रपा) केन्द्रीय अध्यक्ष तनवीर अहमद सनी पूर्व डीएसपी व प्रजा राज्य पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जयराम गौतम पूर्वांचल अध्यक्ष मो नवाज शेरवानी के अगुआई मे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हादी मोहम्मद अपने समर्थको के साथ प्रजा राज्य पार्टी के जिला प्रभारी अफताब अंसारी के सामने प्रजा राज्य पार्टी मे हुए शामिल। हादी मोहम्मद को प्रजा राज्य में शामिल होने पर पार्टी कि महिला विंग प्रभारी प्रियंका निषाद. प्रदेश महसचिव प्रवका अमीरूदीन अंसारी, प्रदेश महासचिव हबीब खान सह प्रवक्ता श्रीराम कसेरा जिला महासचिव डॉ सन्त बृजेश्वर खलीलाबाद तहसील अध्यक्ष अब्दुल रहीम अंसारी व खलीलाबाद ब्लाक अध्यक्ष अशोक कुमार कानूनगो ने बधाई दी एव आशा व्यक्त कि हादी जी प्रजा राज्य पार्टी को ग्राम अस्तर पर खड़ा करेगे।

### कंबल वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**संतकबीरनगर।** पखवारे भर से पड़ रही कड़ाके की ठंड से परेशान जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से वार्ड सभासद श्रीमती मुसर्रत जहां ने अपने आवास पर सोमवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन नूरुज्जमा अंसारी के हाथों से वार्ड क्षेत्र के दर्जनों गरीब, असहाय, वृद्ध और निराश्रित लोगों को कंबल वितरित किए गए। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। बतौर मुख्य अतिथि नूरुज्जमा अंसारी ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब और बेसहारा लोगों को सबसे अधिक परेशानी होती है। ऐसे में समाज के सक्षम लोगों और जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे आगे आकर उनकी मदद करें। उन्होंने कहा कि यह सेवा कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि कोई भी जरूरतमंद ठंड से परेशान न रहे।कार्यक्रम के दौरान सभासद श्रीमती मुसर्रत जहां के प्रतिनिधि पुत्र अहमद अली ने लोगों को कंबल ओढ़ाकर मानवीय संवेदना का परिचय दिया। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना के साथ जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की। स्थानीय लोगों ने सभासद के इस पहल की सराहना करते हुए इसे सराहनीय और प्रेरणादायक कदम बताया है।इस अवसर पर वार्ड के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

## घर से बुला कर युवक के साथ मारपीट, दो भाइयों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**कांधला।** कस्बे के बाईपास मार्ग पर घर बुलाकर एक युवा के साथ दो लोगों ने लाठी डंडे में धार धार तैयारों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी तैय्यब पुत्र उमरदीन ने बताया कि कैराना निवासी दो भाई कस्बे में पहुंचे और पीड़ित को फोन कर घर से बाहर सड़क पर बुला लिया। पीड़ित का आरोप है कि दोनों आरोपी भाइयों ने पीड़ित के साथ लाठी डंडों व धारदार हथियारों से जमकर मारपीट की और घायल कर दिया। शौर शराबा होने पर आरोपी जान से करने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल युवक के परिजनों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण करने के बाद आरोपियों के विरुद्ध थाने पहुंचकर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी हुई है।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद नगर के जवाहरगंज में सोमवार को श्रीमद्भागवत का भव्य कलश यात्रा निकाल शुभारंभ किया गया। प्रथम दिवस पर कथा व्यास डॉ शैल बिहारी दास ने कहा कि भागवत कथा जीवन के उद्देश्य व दिशा को दर्शाती है।जवाहर गंज से शुरू होकर सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ कलश यात्रा आर्यनगर शुरू होकर माहेश्वरी मंदिर पहुंची, जहां पूजा अर्चना के बाद दिल्ली गढ़ रोड़ से जवाहर गंज स्थित कथा स्थल पर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया।

उन्होंने कहा कि कलश रिद्धि-सिद्धि का प्रतीक है। इसका हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। कलश हमारे जीवन के हर क्षण में काम आता है। जन्म के समय भी कलश स्थापना की जाती है और मरने के समय भी शरीर के साथ कलश विसर्जित किया जाता है।कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक डॉ शैल बिहारी दास ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है।इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है। इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। इस मौके पर अमित मुन्ना, डॉ सुमन अग्रवाल,अनिल अग्रवाल,भावना अग्रवाल, शान्तुन सिंघल, पूनम कर्णवाल, चन्द्र प्रकाश ठठेरे,याशी बंसल, संजीव रस्तोगी, राहुल,बिट्ठू, यर्थाथ अग्रवाल सहित सैकड़ों श्रोताओं ने कथा का आनन्द लिया।

## पुल की रेलिंग टूटने से दुर्घटना की आशंका बढ़ी



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** विकास खण्ड सेमरियावा के गांव दुधारा के अस्पताल चौराहे से परसाशेख मार्ग पर दुधारा मोड़ पर स्थित पुल की रेलिंग टूट जाने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। मामले को लेकर ग्रामवासियो सहित क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है।

सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र के गांवों को राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित चुरेब से जोड़ने वाले मार्ग पर दुधारा गांव मोड़ पर स्थित पुल की रेलिंग टूट जाने से राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। जनपद व तहसील मुख्यालय से जोड़ने वाले इस मार्ग पर सैकड़ों लोगों का आना जाना लगा रहता है। मोड़ पर होने के कारण लोगों को डर सता रहा है। ग्रामीण मु. परवेज अख्तर, अब्दुल हकीम, जियाउद्दीन, मौलाना शकील अहमद, राम वृक्ष यादव, सतीश चौधरी, महबूब आलम, नजीर अहमद, जाहिद हुसैन खान, मो. तव्वाब, गुफरान अहमद, योगेंद्र जयसवाल आदि ने प्रशासन से उत्पन्न समस्या के समाधान की मांग किये हैं।

## मकान निर्माण रोकने पहुंची राजस्व टीम को ग्रामीणों का विरोध, टीम लौटी वापस



वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** खंड विकास क्षेत्र के गांव गढ़ी मियां में मकान निर्माण रुकवाने पहुंची राजस्व विभाग की टीम को ग्रामीणों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों के आक्रोश के चलते राजस्व विभाग की टीम को बिना कार्रवाई किए वापस लौटना पड़ा।गांव गढ़ी मियां निवासी सादीन गांव के बाहर अपने मकान का निर्माण करा रहा था। इसी दौरान किसी ग्रामीण ने राजस्व विभाग को सूचना दी कि सादीन खाद के गड्ढों की भूमि पर मकान निर्माण कर रहा है। सूचना पर लेखपाल आदित्य व कानूनगो धर्मवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य रुकवाने का प्रयास किया।राजस्व टीम के पहुंचते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि राजस्व विभाग बिना किसी ठोस कारण के ग्रामीणों को परेशान कर रहा है, जबकि सादीन का परिवार पिछले करीब पचास वर्षों से उक्त स्थान पर निवास कर रहा है।वहीं लेखपाल आदित्य ने बताया कि सादीन का मकान खाद के गड्ढों की जमीन पर बना हुआ है और पुराने मकान को तोड़कर नया निर्माण किया जा रहा था। फिलहाल मकान निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया है।

## ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार मां-बेटा गंभीर घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा के निकट एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बा कैराना निवासी हसीब अपनी मां समीना के साथ बाइक पर सवार होकर मुजफ्फरनगर जनपद के कस्बा शाहपुर में रिश्तेदारी में गया हुआ था। वापस लौटते समय जैसे ही वह गांव भभीसा के पास पहुंचे, तभी एक ट्रक ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में मां-बेटा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

## संदिग्ध हालात में लगी भीषण आग मकान का लाखों का सामान जलकर राख

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में मध्य रात्रि एक व्यक्ति के मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि समय रहते परिवार के सभी सदस्य बाहर निकल आए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग की घटना में मकान के भीतर रखा लाखों रुपये का घरेलू सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। आग की वजह से मकान की लकड़ी की छत भी भरभराकर गिर गई और सारा मलबा नीचे बिखर गया। क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी अरशद पुत्र लियू के मकान में देर रात अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठती देख मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मकान स्वामी के साथ मिलकर घंटों की मशक्कत के बाद पानी डालकर आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक आग मकान के अधिकांश हिस्से को नुकसान पहुंचा चुकी थी। पीड़ित के अनुसार आग से घर में रखा फर्नीचर, कपड़े, अनाज, जरूरी कागजात और अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। मकान की छत लकड़ी की होने के कारण आग की चपेट में आकर गिर गई, जिससे नुकसान और बढ़ गया। घटना के बाद परिवार के सामने रहने और रोजमर्रा की जरूरतों का संकट खड़ा हो गया है।आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि नहीं हो सकेगी। पीड़ित मकान स्वामी अरशद ने इस हादसे को लेकर प्रदेश सरकार को पत्र भेजकर आर्थिक सहायता और मुआवजे की मांग की है।

## पुलिस अधीक्षक ने थाना मेंहदावल अन्तर्गत कस्बा मेंहदावल में किया पैदल गश्त

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्वदवन सिंह की मौजूदगी में थाना मेंहदावल क्षेत्रान्तर्गत सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं जनता में सुरक्षा की भावना को बढ़ाने हेतु कस्बा मेंहदावल में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया । पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया ।

उन्होंने जनसामान्य से अपील किया कि वे अपने-अपने घरों, कालोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरें जरुर लगवाएं और कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें, जिससे कि अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके, आपका यह छोटा सा प्रयास कानून व्यवस्था बेहतर करने में बहुत कारगर होगा तथा फुटपाथ के किनारे ठेले तथा अनियमित तरीके से किये गये वाहन पार्किंग कर किये अतिक्रमण को हटवाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया ।

आम जनमानस को यातायात जागरुकता के नियमों के बारें में जागरुक करते हुए वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के साथ लोगों से अपील भी किया कि वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें । इस दौरान थानाध्यक्ष मेंहदावल सुरेन्द्र कुमार सिंह, पीआरओ पुलिस अधीक्षक दुर्गेश पाण्डेय सहित अन्य पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## एक्सीडेंट में युवक घायल इलाज के दौरान हुई मौत

**रामघाट/बुलंदशहर।** नरौरा में सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की इलाज दौरान पांच दिन बाद हुई मृत्यु पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कराया पोस्टमार्टम दर्दनाक घटना से परिवार में मचा कोहराम परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है आपको बता दें थाना नरौरा क्षेत्र के गांव ढक नगला निवासी 18 वर्षीय दीपांशु पुत्र राजेंद्र सिंह 1 जनवरी 2026 को अनूपशहर निकट जेपी यूनिवर्सिटी के पास अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल में पीछे से टक्कर मार दी थी जिससे दीपांशु के सर में गंभीर चोट लगने से गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा वहां राहगीरों ने नजदीक अस्पताल में भर्ती कराया था सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच कर तुरंत अलीगढ़ वरुण ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चला वहा युवक की गंभीर स्थिति होने के कारण उसको हायर सेंटर रेफर कर दिया गया जहां पर इलाज के दौरान दीपांशु का निधन हो गया।

## गढ़मुक्तेश्वर और धौलाना तीनों तहसीलों में डीएम के निर्देशन में संपूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़।** जनपद के धौलाना तहसील में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसील दिवस में कुल 53 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 8 का मौके पर अधिकारियों द्वारा निस्तारण कराया गया।

उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित जनपदीय सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार एवं मंशानुरूप तहसील दिवस में प्राप्त शिकायत का समाधान पूर्ण गुणवत्ता से किया जाना चाहिए एवं सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिलना चाहिए। उप जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनका निस्तारण समय सीमा के अंदर करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील दिवस में ग्रामीणों के द्वारा जो भी शिकायत दर्ज की जा रही है उसमें समय से जांच करा कर कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। यदि किसी शिकायत के निस्तारण में किसी प्रकार की समस्या आ रही है तो अधिकारी उसकी जानकारी मुझे तत्काल दे।

उन्होंने कहा कि बिना कारणवश किसी भी समस्या को लंबित ना रखें तथा शिकायतकर्ता को शिकायत का निस्तारण करने से पूर्व संतुष्ट करने का भी प्रयास करें जिससे एक ही शिकायत बार-बार तहसील दिवस में प्राप्त न हो। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, तहसीलदार, पुलिस क्षेत्र अधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इसके साथ ही हापुड़ तहसील में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में तहसील दिवस सम्पन्न हुआ जहां पर 30 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 4 का निस्तारण सीडीओ के द्वारा कराया गया।इसी क्रम में गढ़मुक्तेश्वर तहसील की अध्यक्षता करते हुए अपर जिला अधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतो को सुना।

सम्पन्न हुए गढ़मुक्तेश्वर तहसील दिवस में 25 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 4 का निस्तारण किया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में मेहदावल तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**




**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में मेहदावल तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की शिकायतों को एक-एक कर सुनते हुए जिलाधिकारी ने शिकायत से सम्बंधित विभागीय अधिकारी को मौके पर बुला कर तत्काल निस्तारित करने अथवा भूमि विवाद/अन्य किसी विवाद की स्थिति में शिकायतकर्ता सहित सभी पक्षों की उपस्थिति में मौके का स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण के निर्देश दिये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने पर जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

मेहदावल तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 46 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से जिलाधिकारी द्वारा 08 प्रार्थना पत्रों का संबंधित राजस्व अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभागीय अधिकारियों से प्रकरण की विस्तृत जानकारी लेते हुए तत्काल निस्तारित करवाया गया। जिलाधिकारी द्वारा 05 प्रकरणों में स्थलीय निरीक्षण कर नियमानुसार निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी/कर्मचारी की टीम भेजी गई। शेष प्रकरणों को जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए तत्काल कार्यवाही कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गए।

कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा किया गया। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीड़ित पक्ष को त्वरित न्याय मिल सके।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 रामानुज कनौजिया, उप जिलाधिकारी मेंहदावल संजीव राय, सहित तहसील से सम्बंधित अधिकारी, राजस्व कर्मचारी, लेखपाल आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में धनघटा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। उन्होंने विभिन्न मामलों से सम्बंधित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया गया।

## बुलंदशहर औषधि विक्रेता समिति की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण

**बुलंदशहर।** जिला बुलंदशहर औषधि विक्रेता समिति (रजिस्टर्ड) की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं आशीर्वाद समारोह होटल कलश में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री एवं अलीगढ़ केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह टिल्लू पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। चुनाव अधिकारी विकास शर्मा ने राजेश कुमार शुक्ला को अध्यक्ष, शरद अग्रवाल को महासचिव, अनिल गोयल को कोषाध्यक्ष, राजकुमार वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा मनोज शर्मा को सचिव निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। अध्यक्ष शुक्ला ने संगठन की मजबूती और सदस्यों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में 25 वर्ष या उससे अधिक समय से दवा व्यवसाय कर रहे लगभग 40 व्यापारियों को शाल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# रुदौली पुलिस सर्विलेंसएवं स्वाट की संयुक टीम द्वारा ट्रैक्टर ट्राली चोर गिरोह को किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया फतेह खान**

**रुदौली अयोध्या।** कोतवाली रुदौली क्षेत्र की पुलिस ने सर्विलांस एवं स्वाट की संयुक टीम की सहायता से शातिर ट्रैक्टर ट्राली चोरों के गिरोह का पर्दा फास्ट करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया जिनके कब्जे से ट्रैक्टर ट्राली जिसकी कीमत 10 लख रुपए बताई गई है बरामद किया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली रुदौली पर शुजागंज में ट्रैक्टर ट्राली चोरी प्रकरण का मुकदमा पंजीकृत किया गया था जिसमें रुदौली पुलिस सर्विलांस तथा स्वाट की संयुक टीम ने तीन अभियुक्त विष्णु सिंह पुत्र राम शंकर सिंह निवासी दत्त नगर सखपुर गोंडा अर्जुन रावत पुत्र मोहनलाल निवासी मिजार्पुर रुदौली अभिषेक सिंह उर्फ.नितिन पुत्र श्याम नारायण सिंह निवासी मोहम्मदपुर अमानीगंज बाजार खांडसा को गिरफ्तार कर चोरी का पर्दा फाश किया।

जिनके कब्जे से दो आदत ट्राली एक अरब महिंद्रा ट्रैक्टर जिसकी कीमत 10 लख रुपए बताई गई है को बरामद किया गया। गिरफ्तार किए गए तीनों शातिर चोरों को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है ।बरामद करने वाली टीम में संजय मोर प्रभारी निरीक्षक रुदौली, उप निरीक्षक अमरेश कुमार त्रिपाठी स्वाट टीम, चौकी प्रभारी सुजागंज अभिषेक सिंह चौकी पर भारी बेलसर युवराज सिंह कांस्टेबल अभिषेक कुमार रजत कुमार रवि चौधरी अंकित पाल हेड कांस्टेबल सौरभ सिंह विनय सुनील यादव सर्वेश यादव आनंद आनंद्वार तिवारी आनंद प्रजापति अभिषेक यादव हेड कांस्टेबल देवासी सिंह कांस्टेबल अंकित राय कांस्टेबल शहर अश्वनी राय ऋषि छोकर उपस्थित रहे।

# प्रयागराज माघ मेला में मां सीता रसोईः के द्वारा साधु-संतों को भोजन करा रही हैं प्रख्यात समाजसेवी मनप्रीत कौर



**वेलकम इंडिया/डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के माघ मेला में इन दिनों देश भर के साधु-संतों का कल्पवास प्रारम्भ हो गया है। जिसमें ह्यमां सीता रसोईह्न के तत्वावधान में संकटमोचन सेना महिला प्रकोष्ठ, पंजाब की अध्यक्ष, प्रख्यात समाजसेवी मनप्रीत कौर (लुधियाना) के द्वारा निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य किए जा रहे हैं ।वह प्रयागराज महाकुंभ की भांति माघ मेला 2026 में भी अपनी पूरी टीम के साथ साधु-संतों के भण्डारों के लिए विशेष रूप से अलग - अलग शिविरों में जाकर अन्न क्षेत्र चला रही है ।साथ ही प्रतिदिन हजारों साधु-संतों व निर्धनों-निराश्रितों को भोजन प्रसाद उपलब्ध करा रही हैं। मां सीता रसोई के प्रबन्धक आचार्य अंशुल पाराशर ने बताया कि प्रयागराज माघ मेला 2026 में ह्यमां सीता रसोईह्न के द्वारा अन्नक्षेत्र चलाकर साधु-संतों को भोजन प्रसाद ग्रहण कराकर उन्हें दक्षिणा वितरित की जा रही है ।यह सेवा 03 जनवरी से प्रारंभ होकर 15 फरवरी 2026 तक चलेगी। संकटमोचन सेना महिला प्रकोष्ठ, पंजाब की अध्यक्ष, प्रख्यात समाजसेवी मनप्रीत कौर ने कहा कि वे कई वर्षों से अयोध्या और वृंदावन के अलावा अन्य कई तीर्थ स्थानों पर भी ःमां सीता रसोईः चला रही हैं। जिनके माध्यम से वे धार्मिक स्थलों पर जा-जाकर इसी तरह साधु-संतों व निर्धनों-निराश्रितों की सेवा करती हैं ।उनका प्रयास रहता है कि तीर्थ स्थल पर आने वाला कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए। उन्होंने बताया कि हमें इस बात की हार्दिक प्रसन्नता है कि हमें प्रयागराज माघ मेले में संतों की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है ।समाजसेवा करने से उन्हें बहुत संतुष्टि मिलती है ।इसीलिए उनकी पूरी कोशिश रहती है, कि वे अधिक से अधिक लोगों की अन्न से सेवा कर सकें।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 15 शिकायतों का किया निस्तारण



**शिकारपुर/बुलंदशहर।** शिकारपुर तहसील सभागार में नववर्ष का पहला शनिवार की जगह पर सोमवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम की अध्यक्षता में किया गया। शनिवार को माता सावित्रीबाई फूले की जयंती पर तहसील में अवकाश घोषित था जिसकी वजह से शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस नहीं आयोजित किया गया। सोमवार को संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में 95 फरियादी अपनी फरियाद लेकर पहुंचे जहां पर एसडीएम तहसीलदार ने मौके पर सुनकर 15 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को एसडीएम अरुण कुमार वर्मा ने संबंधित अधिकारी कर्मचारी प्रतिनिधियों को एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने के सख्त निर्देश दिए हैं। इस मौके पर तहसीलदार गौरव बिश्नोई नायब तहसीलदार अक्षय दहिया एसडीओ विद्युत विभाग राम आशीष यादव बीडीओ ब्लॉक पहासू नरेंद्र कुमार शर्मा शिकारपुर ब्लॉक एडीओ पंचायत शेरपाल सिंह ईओ नीतू सिंह खंड शिक्षा अधिकारी अमित गुप्ता आपूर्ति विभाग सप्लाई इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार जेई पहासू ब्लॉक संजय कुमार राजस्व निरीक्षक रूप सिंह लेखपाल हरीश कुमार सहित तमाम विभागों के अधिकारी कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने गैंगस्टर में वांछित एक शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** थाना गुलावठी पुलिस द्वारा गैंगस्टर में वांछित शातिर एक अभियुक्त भानु प्रताप पुत्र सुधीर कुमार निवासी ग्राम नया बांस थाना गुलावठी जनपद को गिरफ्तार किया गया है। जोकि शातिर किस्म का अपराधी हैं, जो थाना गुलावठी पर पंजीकृत मुअसं- 01/2026 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था। अभियुक्त की गिरफ्तारी के निरन्तर प्रयास किये जा रहे थे।

# अपर जिलाधिकारी ने जनता दरबार लगाकर सुनी समस्याएं

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे के निर्देशों के क्रम में सोमवार को अपर जिलाधिकारी नारायण सिंह नबियाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में आमजन द्वारा मोटर मार्ग निर्माण, सड़क सुधारीकरण, झूलते विद्युत तारों को ठीक करने, अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त आवास की धनराशि न मिलने, नारायण देव वार्ड में नालों की सफाई, भूमि जांच सहित कुल 12 शिकायतें दर्ज की गईं।

जनता दरबार में प्राप्त अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अपर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को जनता दरबार में आई शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि जिन मामलों का तत्काल निस्तारण संभव नहीं है, उनमें निर्धारित समयसीमा के भीतर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आमजन को त्वरित राहत प्रदान करना तथा प्रशासन को जनसमस्याओं के प्रति अधिक संवेदनशील बनाना है। इस दौरान उन्होंने सीएम हेल्पलाइन एवं हेलो बागेश्वर पर प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन एवं हेलो बागेश्वर पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा निस्तारण के उपरांत प्राप्त फीडबैक की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि आमजन का विश्वास प्रशासन पर बना रहे। साथ ही सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर लंबित शिकायतों को लेकर साप्ताहिक समीक्षा करने एवं शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित करने के भी निर्देश दिए गए।

# जल निकासी की सुविधा नहीं, सड़क पर फैला पानी ग्रामीण परेशान एसडीएम को दिया प्रार्थना पत्र

**वेलकम इंडिया**



**शिकारपुर।** विकास खंड पहासू अंतर्गत ग्राम अहमदगढ़ में जल निकासी की समस्या लोगों के लिए परेशानी की वजह बनी हुई है। गांव की नालियों का पानी गांव के इस मुख्य मार्ग पर पानी एकत्रित हो जाता है। आवागमन दुश्वार रहता है तो गंदगी से स्थिति नारकीय बनी रहती है।

गांव के अंदर टावर वाला मौहल्ला, कोठी वाली मुख्य सड़क पर जल निकासी के लिए नाली तो बनी है लेकिन जल निकासी की कोई सुविधा नहीं है। यही वजह है कि गांव के अलग-अलग मौहल्ले में मुख्य मार्गों पर पानी फैल जाता है। गलियों में भारी पानी से पूरी सड़क पानी में डूब जाती है। गांव के लोगों का पैदल चलना दुश्वार रहता है। सड़क के किनारे फैली गंदगी से सुकून की सांस लेना दूभर रहता है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे भी बन गए हैं, जिसमें पानी भर जाता है। साइकिल, बाइक सवार अक्सर गिरकर चोटिल हो जाते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए सोमवार को लगे संपूर्ण समाधान दिवस में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष/समाजसेवी अहमदगढ़ डीके शर्मा के नेतृत्व में एसडीएम अरुण कुमार वर्मा को ग्रामीणों द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया है ।उधर एसडीएम अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा जल निकासी की समस्या को लेकर एक प्रार्थना पत्र मिला है जिसके निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा।

# बढ़ रही ठण्ड और गलन में बढ़ रहे अस्पताल में मरीज

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** बदल रहे मौसम, बढ़ रही ठण्ड और गलन ने जहां लोगों को परेशान कर दिया है तो वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां में मरीज भीड़ देखने को मिली। जानकारी के अनुसार हर रोज मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों, बुजुर्गों को झेलनी पड़ रही है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां के चिकित्सक डॉ. जावेद अख्तर अंसारी ने बताया कि बदलते मौसम में अस्पताल जाने से बचने और उम्र के साथ सेहतमंद रहने के लिए संतुलित आहार, खूब पानी पीना, साफ-सफाई, मौसम के अनुसार कपड़े पहनना, अच्छी नींद और हल्के व्यायाम पर ध्यान दें; मौसमी फल, सब्जियां, सूप और हर्बल चाय इम्युनिटी बढ़ाती हैं, जबकि स्ट्रीट फूड और तले-भुने खाने से बचें। विटामिन-उ युक्त फल (सेब, अनार, पपीता), सब्जियां, साबुत अनाज खाएं और खूब पानी पिए।

व्यक्तिगत स्वच्छता और आसपास की सफाई का ध्यान रखें, हल्के और आरामदायक कपड़े पहनें जो मौसम के अनुकूल हों, नियमित रूप से हल्का व्यायाम करें, जैसे चलना या योग। पर्याप्त और अच्छी नींद लेना जरूरी है, कच्चे सलाद, तले-भुने खाने और स्ट्रीट फूड से बचें, क्योंकि ये बीमार कर सकते हैं, बुजुर्गों की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी) कमजोर होती है, इसलिए उन्हें खास ध्यान देना चाहिए, गर्म सूप, हर्बल चाय और सूखे मेवे उनकी इम्युनिटी को मजबूत बनाते हैं।

# मुख्य विकास अधिकारी ने ली सड़क निर्माण और पेयजल अधिकारियों की बैठक

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,गोबिन्द मेहता।** मुख्य विकास अधिकारी आर. सी. तिवारी ने विकास भवन कार्यालय में ग्रामीण सड़क, एवं जलजीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यो को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की ।सीडीओ ने सड़क योजना के तहत निमार्णाधीन सड़कों की कार्य प्रगति, तथा वित्तीय वर्ष में पूर्ण होने वाले निमार्णाधीन सड़को की विभागवार जानकारी ली, साथ ही सभी अधिकारियों से निर्माणकार्यो में सभी तकनीकी पहलुओं के आधार पर समयबद्ध होकर गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए ।साथ ही पेयजल योजनाओ की समीक्षा करते हुए जल जीवन मिशन के तहत जलनिगम के अधिशाषी अभियंता वी के रवि से सभी पेयजल योजनाओं की जानकारी ली ।तथा सभी निमार्णाधीन पेयजल योजनाओ को समय से पूर्ण करने और योजनाओं की थर्ड पार्टी रिपोर्ट तैयार करवाते हुए समय से सभी योजनाओं का निर्माण करने के निर्देश दिए।

वही जल निगम अधिशाषी अभियंता वी के रवि ने बताया कि जलजीवन मिशन के तहत निमार्णाधीन सभी पेयजल योजनाओ में अधिकांश पेयजल योजनाओं का निर्माण करा दिया गया है ।साथ ही जलजीवन मिशन के तहत निमार्णाधीन कई पेयजल योजनाओं में लम्बे समय से ठेकेदारों को कार्य का भुगतान नही हो पाने से योजनाओं के निर्माण कार्य मे देरी हो रही है ।कहा कि शासन को सभी योजनाओं के निर्माण कार्य को समय से पूर्ण कराने हेतु बकाया भुगतान विषयक पत्र भेजा गया है ।वही सीडीओ आर सी तिवारी ने पेयजल मिशन में सभी कार्यो का थर्ड पार्टी कराकर सभी पेयजल योजनाओं को समय से पूर्ण कराने हेतु कार्य करने, और कोताही बरतने वालों के खिलाफ नोटिस जारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल ने रचा इतिहास : दुर्लभ बाल्यावस्था किडनी शल्य चिकित्सा से हापुड़ की 9 वर्षीय बच्ची को मिला नया जीवन

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल (सिम्स), हापुड़ ने 9 वर्षीय बच्ची पर दुर्लभ एवं अत्यंत जटिल बाल्यावस्था लैप्रोस्कोपिक किडनी शल्य चिकित्सा को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। यह शल्य चिकित्सा हापुड़ क्षेत्र में इस आयु वर्ग के बच्चे में की गई प्रथम सफल बाल्यावस्था लैप्रोस्कोपिक पायलोप्लास्टी प्रक्रियाओं में से एक मानी जा रही है, जिससे सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल ने उन्नत तृतीयक चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित किया है।

मरीज बच्ची त्रिशा, जो हेरा लाल एवं पिंकी (निवासी बजरानपुरी,हापुड़) की पुत्री है, पिछले एक वर्ष से पेट के दाहिने हिस्से में लगातार और तीव्र दर्द से पीड़ित थी। प्रारंभ में इसे सामान्य पेट की समस्या समझा गया, किंतु सिम्स में की गई विस्तृत चिकित्सकीय जांच के बाद पेल्वी-यूरीटेरिक जंक्शन अवरोध (पीयूजे अवरोध) का पता चला। इसके कारण किडनी में अत्यधिक सूजन उत्पन्न हो गई थी, जिसे चिकित्सकीय भाषा में गंभीर हाइड्रोनेफ्रोसिस कहा जाता है। समय पर शल्य चिकित्सा न होने की स्थिति में बच्ची को स्थायी किडनी क्षति अथवा किडनी फेल होने का गंभीर खतरा था।



मामले की गंभीरता एवं जटिलता को देखते हुए सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल की विशेषज्ञ मूत्र रोग (यूरोलॉजी) टीम ने लैप्रोस्कोपिक पायलोप्लास्टी का निर्णय लिया, जो एक अत्याधुनिक न्यूनतम चीरा (की-होल) शल्य चिकित्सा तकनीक है। पारंपरिक खुली शल्य चिकित्सा की तुलना में इस पद्धति में छोटे चीरे लगाए जाते हैं, जिससे दर्द कम होता है, रोगी शीघ्र स्वस्थ होता है और उपचार के परिणाम अधिक प्रभावी होते हैं। बच्चों में इस प्रकार की शल्य चिकित्सा करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण होता है, क्योंकि उनकी शारीरिक संरचना अत्यंत नाजुक होती है ।इस जटिल शल्य चिकित्सा का सफल नेतृत्व डॉ. सौरभ गौर, वरिष्ठ सलाहकार, मूत्र रोग विभाग, सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल द्वारा किया गया। उनके अनुभव, तकनीकी दक्षता और सटीक चिकित्सकीय निर्णय क्षमता ने इस दुर्लभ बाल्यावस्था मामले को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हापुड़ में ही इस स्तर की उन्नत लैप्रोस्कोपिक शल्य चिकित्सा का सफल निष्पादन, मरीजों को महानगरों में इलाज के लिए जाने की आवश्यकता को काफी हद तक कम करेगा ।डॉ.सौरभ गौर को इस शल्य चिकित्सा में डॉ. सुमित, डॉ. संग्राम एवं डॉ.मल्लिका सहित एक कुशल एवं समर्पित शल्य चिकित्सा दल का सहयोग प्राप्त हुआ। साथ ही एनेस्थीसिया विशेषज्ञों, नर्सिंग स्टाफ और ऑपरेशन थिएटर तकनीशियनों की भूमिका भी सराहनीय रही। शल्य चिकित्सा शत-प्रतिशत सफल रही और मरीज को किसी भी प्रकार की शल्य या पश्च-शल्य जटिलता नहीं हुई ।चिकित्सकीय परिणाम शल्य चिकित्सा के पश्चात बच्ची ने तीव्र गति से स्वास्थ्य लाभ किया।

# सड़क निर्माण की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया तहसील पर प्रदर्शन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** कांग्रेस कार्यकताओं ने खंजरपुर से तिबड़ा रोड मोदीनगर निर्माण, हापुड रोड रेलवे फाटक पर रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण की वजह से लगने वाले जाम और तिबडा रोड फाटक पर अतिक्रमण के कारण लगने वाले जाम आदि समस्याओं को लेकर तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन कर एक ज्ञापन एसडीएम को सौपा।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पीसीसी सदस्य पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि खंजरपुर गढी तिबडा रोड मार्ग की हालत पिछले कई साल से ज्यादा जर्जर स्थिति में है। कई बार प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी आज तक इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है ।यह मार्ग करीब 10 गांव का रास्ता है। 10 गांव का गन्ना हापुड रोड से आता है। जिस कारण जाम की समस्या बनी रहती है। यदि यह मार्ग का निर्माण कर दिया जाए तो आमजन को और किसानों को सुविधा भी होगी और शहर से जाम को भी मुक्ति मिलेगी।

राज चोपला फाटक पर ओवर ब्रिज निर्माण के कारण आए दिन कोई ना कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहा है। कई कई घंटे जाम लगा रहता है। तहसील दिवस में अधिकारियों ने इस पर संज्ञान लेकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजेश कुमार सेन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मोदीनगर के अध्यक्ष चांद वीर चौधरी, हरीश खुल्लर कल्पना सिंह भिखारी लाल कश्यप, विनोद गुप्ता , अभिनव शर्मा, जहूर अहमद, समसा बेगम, पंडित देवेंद्र शर्मा, अर्सलान अंसारी, मुकुल शर्मा, संजय शर्मा, अजीत सिंह मलिक, अनुज अग्रवाल, ब्रह्मपाल भारद्वाज, ओमवीर प्रधान जी दोसा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रविंद्र कुमार शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## उच्च न्यायालय के आदेश पर गाटा संख्या 1758 की पैमाइश शुरू

**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** राजस्व विभाग और नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने सोमवार को पुलिस को साथ लेकर नगर पंचायत की गाटा संख्या 1758 की पैमाइश का काम शुरू किया। रिपोर्ट अभी नहीं दी गई है। मामले में उच्च न्यायालय में पी आई एल दाखिल की गई थी जिसके चलते उक्त पैमाइश शुरू हुई। नायब तहसीलदार औरंगाबाद ललित नारायण प्रशांत के नेतृत्व में लेखपाल नरेश कुमार धीर सिंह व सुशील कुमार ने जहांगीराबाद रोड स्थित नगर पंचायत की भूमि गाटा संख्या 1758 की पैमाइश शुरू की। बताया जाता है कि यह भूमि 3.170 हैक्टयर नगर पंचायत के अभिलेखों में रास्ते के रूप में दर्ज है। नगर पंचायत की टीम का नेतृत्व अधिशासी अधिकारी सेवा राम राजभर ने किया। टीम में टैक्स कलैक्टर नेमपाल सिंह विजय सिंह शकील अहमद सलीम खान आफाक ओमदत्त आबाद आदि शामिल रहे।

# हाई स्कूल के निकट लगे कूड़े के ढेर को हटाए जाने की मांग की

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** भारतीय किसान यूनियन किसान सभा अ के कार्यकताओं ने गांव कुम्हैड़ा के हाई स्कूल के निकट लगे कूड़े के ढेर को हटाए जाने एवं सफाई चलाई जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन किसान सभा अ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र त्यागी ने बताया कि कुम्हैड़ा के जूनियर हाई स्कूल के सामने मंदिर है दोनों पवित्र स्थल के बीच में कूड़े का ढेर लगा हुआ है ।जूनियर हाई स्कूल में छोटे-छोटे बच्चे भी पढ़ने आते हैं।पढ़ाई के साथ-साथ बीमारी भी घर लेकर जा रहे हैं। दोनों पवित्र स्थल के बाहर कूड़े का ढेर लगा हुआ है ।गांव वालों को गांव में बीमारी फैलने का डर सता रहा है। आने जाने वालों को भी बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कितनी बार शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही ह ग्रामीणों ने भारतीय किसान यूनियन किसान सभा से यह शिकायत की किस तरह से इस कूड़े के ढेर से कैसे निजात मिल सके। हमारे बच्चों का भविष्य कैसे सुधर सके अगर जल्द ही इन पवित्र स्थल के बीच में जो गंदगी हो रही है उसकी सफाई न की गई तो गांव कुम्हैडा के किसान मजदूर मिलकर बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही गांव में एक बड़ी पंचायत की जाएगी। भाकियू के कार्यकताओं व ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में भारतीय किसान यूनियन किसान सभा अ के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी, हरिओम त्यागी,युवा जिला अध्यक्ष रोहित चौधरी,यतेश्वर त्यागी, सतवीर त्यागी, सुखबीर त्यागी,नरेश कुमार, शहदुल्लाह खान, रॉबिन शर्मा, हजारीलाल लाल जाटव,होशियार शर्मा, राहुल राजपाल आदि लोग मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय सचिव संपूर्णा नन्द पांडेय का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय सचिव संपूर्णा नन्द पांडेय के जन्मदिन पर संगठन के लोगो ने अंगवस्त्र व केक काटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दिया` राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमित तिवारी ने संपूणानंद पांडेय को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर दी जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दियो

अजय मिश्रा ने बताया कि पांडेय सर के आवास पर जन्मदिन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमित तिवारी ने अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट किया और कहा कि संगठन को में विश्वास रखने वाले सबके साथ संगठन को निरंतर मजबूत करने में प्रयासरत है ऐसे इच्छा शक्ति वाले कर्तव्य निष्ठा व्यक्ति अपना योगदान समाज में दे रहे हैं जो बेहद काबिले तारीफ है जिला सचिव संदीप सिंह ने कहा कि पाण्डेय जी हमेशा समाज में पूरी तत्परता व तन्मयता भाव से सामाजिक गतिविधियों में जनहित कार्य में सहभाग सदैव करते हैं

संगठन से इस अवसर पर डा.राजेश त्रिपाठी, अरुण शुक्ला, आशुतोष राय, बहन गुड़िया मिश्रा, खुशी मिश्रा, सौम्या मिश्रा, तन्वी मिश्र, जिलाध्यक्ष उमेश गिरी बना, सुजीत गुप्ता सहित अन्य बहुत सारे संगठन के लोगों के साथ शुभकामनाएं बधाई दी।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 03 शिकायतों का किया निस्तारण



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** शासनादेश के मद्देनजर माह के प्रथम व तृतीय शनिवार हो सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया जाता है। जिसके क्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निदेर्शानुसार मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। मोदीनगर तहसील में एसडीएम अजीत सिंह की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।इस दौरान 82 शिकायतें प्राप्त हुई,। जिसमें से मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार, रजत सिंह, नायब तहसीलदार मुकेश कुमार शर्मा, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीए परीक्षा के फाइनल पेपर में विद्यार्थियों की उपस्थिति रिकॉर्ड 99 प्रतिशत रही



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल में आज सी ए परीक्षा फाइनल के प्रथम पेपर का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों की उपस्थिति 99% प्रतिशत रही परीक्षा छूटने के बाद बच्चों से पूछा गया तो उन्होंने बताया अपने शहर में प्रथम बार आयोजित हो रही परीक्षा में काफी सहज महसूस किया समय और पैसे की भी बचत हुई पेपर आसान था लेकिन लंबा था उम्मीद है कि जल्दी से सी ए बनकर हम अपने अभिभावकों का नाम रोशन करने का मौका मिलेगा।

इस अवसर पर मोदीनगर निवासी व सी ए गाजियाबाद संगठन के चेयरमैन नितिन गुप्ता व सी ए संयम गोयल मौजूद रहे जिनके अथक प्रयासों से मोदीनगर परीक्षा केंद्र बना है केंद्र व्यवस्थापक डॉ अरुण त्यागी ने बताया सभी विद्यार्थी बहुत ही अनुशासन प्रिय दिखे परीक्षा को संपन्न कराने में सहायक केंद्र व्यवस्थापक भारत भूषण अविनाश त्यागी अतुल शर्मा मोनिका त्यागी संगीता शुक्ला व सत्येंद्र कुमार आदि शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

# व्यापारियों ने मनाया हुकूलगंज व्यापार मंडल का वार्षिक उत्सव

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** हुकुलगंज व्यापार मंडल का वार्षिकोत्सव व नव वर्ष 2026 का कार्यक्रम व्यापारियों के द्वारा धूमधाम से मनाया गयो यह कार्यक्रम कबीर रोड स्थित सरोजा पैलेस मे उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री दयाशंकर मिश्र (दयालू गुरू) के मुख्य अथितित्व मे संपन हुआ` उक्त कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा महानगर के अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि एवं वाराणसी व्यापार मंडल काशी प्रांत के अध्यक्ष प्रमोद अग्रहरि के उपस्थिति मे कार्यक्रम आरंभ हुओ कार्यक्रम में मुख्य अथिति दयालु गुरू ने व्यापारियों की सराहना करते हुए बताया व्यापारियों के बदौलत देश का विकास होता है आज हमारा देश अर्थिक रूप से दुनिया के चौथे पावदान पर खड़ी है इसका श्रेय व्यापारियो को जाता है` महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने बताया कि देश के बढ़ते हुए राजस्व मे उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा योगदान है जो धार्मिक स्थलो एवं पर्यटन स्थली के माध्यम लगातार बढ़ रहा है

वाराणसी व्यापार मंडल काशी प्रांत से संबंध हुकुलगंज व्यापार मंडल के क्रिया कलापो पर प्रकाश डालते हुए बताया कि व्यापार मंडल पूरे निष्ठा व इमानदारी से कार्य करता है `व्यापार मंडल की ओर से लोकगीत गायिका सुमन अग्रहरि के द्वारा संगीत प्रस्तुत किया गया एवं संस्था के द्वारा स्वरूचि भोज का भी आयोजन किया गयो

उपरोक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष चन्द्रभूषण दास ने एवं संचालन कीर्ति प्रकाश पांडे ने कियो कार्यक्रम में मुख्य रूप से सन्नी जोहर, प्रदीप जायसवाल, महेंद्र मोहन मिश्रा, राजेश वर्मा, बब्लू अग्रहरि, मो० असलम, संजय यादव, पंचम अग्रहरि, मनोज अग्रहरि, अरुण, कोषाध्यक्ष विष्णु गुप्ता, बल्लू यादव, बब्लू चौहान, लल्लू यादव, हरी ग्रहहर सहित इत्यादि काफी संख्या व्यापारीगण मौजूद थे।

# आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक ने वाराणसी स्टेशन पर किया चेकिंग

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी एवं डॉग स्क्वाड के द्वारा स्टेशन वाराणसी पर अभियान चलाकर सकुर्लेटिंग एरिया, प्लेटफार्म एवं टिकट घर की सघन चेकिंग की गई इस दौरान यात्रियों से अपील की गयी कि किसी भी अपरिचित व्यक्ति का लिया दिया ना खाएं ना पिए जिससे वह किसी जहर खुरानी का शिकार ना हो यदि यात्रा के दौरान कोई भी समस्या होती है तो डायल 139 के माध्यम से तुरंत सूचना दें गाड़ियों में चेन पुलिंग न करने तथा रेलवे सुरक्षा बल का सहयोग करने की अपील की गई सीसीटीवी कैमरे से लगातार निगरानी की जा रही है` वाराणसी कैंट स्टेशन आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार यादव के निर्देशन में पांच जनवरी सोमवार को स्टेशन परिसर सकुर्लेटिंग एरिया व प्लेटफार्म पर आने जाने वाली ट्रेनों में विशेष रूप से महिला व विकलांग कोच में अन्य यात्रियों के न बैठने की हिदायत के साथ अभियान चलाकर चेकिंग की गई

वाराणसी स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया नो पार्किंग जोन में वाहन लगाने पर दस ऑटो, मोटरसाइकिल वाहन चालकों के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 159 में मुकदमा पंजीकृत किया गया तथा वाराणसी स्टेशन पर ट्रेन नंबर 12168 में चैन पुलिंग करने के जुर्म में एक व्यक्ति के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 141 में मामला पंजीकृत किया गयो कुल 11 के खिलाफ रेलवे एक्ट में मामला पंजीकृत किया गया।

# जेसीआई काशी शिवा के अध्यक्ष बने जेसी उत्कर्ष बरनवाल, जेसी एचजीएफ मनीष श्रीवास्तव ने दिलाया शपथ

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह




**वाराणसी।** रथयात्रा स्थित शगुन बैंक्वेट में जेसीआई काशी शिवा का 43वां अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न हुआ` कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक बहल (एमडी, ड्रीमलैंड होल्डिंग्स लिमिटिड) एवं विशिष्ट अतिथि जेसीआई जोन -3 के मंडलाध्यक्ष जेसीआइ सेनिटोर गौरव सेठ रहें इस कार्यक्रम की शुरूआत जेसी आस्था से हुई एवं उसके बाद सभी गणमान्य विभूतियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की` निवर्तमान अध्यक्ष जेसी एचजीएफ मनीष श्रीवास्तव ने अपने कार्यकाल में उत्कृष्ट कार्य हेतु योगदान देने वाले सभी सदस्यों को सम्मान पूर्वक स्मृति चिन्ह प्रदान किया एवं अपने दिल की भावनाओं को प्रतिवेदन द्वारा उजागर किया तत्पश्चात जेसी उत्कर्ष बरनवाल को वर्ष 2026 के अध्यक्ष पद की शपथ दिलायी इसके पश्चात जेसीआई काशी शिवा के ₹पुट वेस्ट टू वर्क₹ के तहत 5 से 15 वर्षीय जूनियर जेसी द्वारा वेस्ट से रीसायकल किए वस्तुओं की प्रदर्शनी लगी

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक बहल (एमडी, ड्रीमलैंड होल्डिंग्स लिमिटिड) ने अपने उद्बबोधन में जेसीआई कशी शिवा द्वारा विगत वर्षों में किए गए कार्यों की सराहना की एवं कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि जेसीआई जोन-3 के मंडलाध्यक्ष जेसीआइ सेनिटोर गौरव सेठ ने संस्था के द्वारा किए गये कार्यक्रमों की भूरी-भूरी प्रशंशा की और जेसीआई काशी शिवा के आने वाले वर्षों में सामाजिक कार्यों में अपनी प्रतिभागिता की इच्छा जाहिर की उप मंडलाध्यक्षा जेसी तन्वी अग्रवाल ने जेसीआई संस्था के नए सदस्यों को शपथ दिलाई कीनोट स्पीकर जेसीआई इंडिया के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रवि प्रकाश गुप्ता जेसीआई संस्था के ट्रेनिंग्स की महत्ता के बारे में अवगत करायो

इस समारोह में अध्याय के सभी पूर्व अध्यक्षों समेत जेसी श्याम जलान, जेसी अनुराग पांडेय, जेसी राम धनानी, जेसी विकस मेहरा, जेसी दीपचंद वर्मा, जेसी अभिषेक जोशी, जेसी दीप्ति मेहरोत्रा, जेसी ज्योति भारद्वाज, जेसी स्वीटी बरनवाल, जेसी शालिनी पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# वाराणसी फर्नीचर एवं फर्नीशिंग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजय गुप्ता, महामंत्री रमेश यादव कोषाध्यक्ष बने दिलीप गुप्ता व्यापारियों ने दी बधाई

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** वाराणसी फर्नीचर एवं फर्नीशिंग व्यापार मंडल का चुनाव पटेल धर्मशाला प्रांगण में बड़ी संख्या में सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुओ अजय गुप्ता अध्यक्ष, रमेश यादव महामंत्री, दिलीप गुप्ता कोषाध्यक्ष, प्रकाश सोनेजा प्रभारी चुना गयो कुल 82 प्रतिशत सदस्यों ने मतदान कर व्यापार मंडल में लोकतंत्र की मजबूती को बनाए रखो चुनाव में कुल 14 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे थे चुनाव में बड़ी संख्या में जंगमबाड़ी, मलदहिया, सुन्दरपुर, अंधरापुल, चेतईपुर, भोजूबीर से कुल 139 सदस्यों ने मतदान कियो चुनाव निष्पक्ष सम्पन्न कराने वालों में चुनाव अधिकारी राजेश अग्रवाल, डॉक्टर यादवेन्द्र सिंह, अरुण रुस्तगी, नरेंद्र गर्ग, संरक्षक अजय जायसवाल, प्रमोद यादव शामिल रहे

सर्वाधिक अजय गुप्ता को 96 प्रतिशत मत अकेले प्राप्त हुए विजई प्रत्याशियों रमेश यादव, 94 प्रतिशत प्राप्त किया` विजई हुए संजय अरोड़ा, प्रकाश सोनेजा, दिलीप गुप्ता, राजकुमार यादव, अश्वनी जायसवाल, तनवीर सिद्दकी, राजकुमार, उपेन्द्र कुमार का सदस्यों में माल्यार्पण कर शुभकामनाएं दी अंत में अध्यक्ष अजय गुप्ता, महामंत्री रमेश यादव, कोषाध्यक्ष दिलीप गुप्ता, प्रभारी प्रकाश सोनेजा ने उपस्थित व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

# नोएडा फेज-1 पुलिस ने वाहन चोर गैंग का किया भंडाफोड़, चार शातिर गिरफ्तार, 15 लाख का माल बरामद

## जुड़वा भाइयों की चालाकी से लंबे समय से पुलिस को दे रहे थे चकमा

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर**



जिला गौतमबुद्धनगर के थाना फेज-1 नोएडा पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले एक शातिर गैंग का खुलासा करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मान के नेतृत्व में गठित टीम ने उ0नि0 अमित कुमार द्वारा वाहन चेकिंग व गश्त के दौरान दिनांक 05 जनवरी 2026 को सुबह करीब 04 बजे सेक्टर-14ए स्थित शनि मंदिर रोड, डीएनडी पार्किंग के पास बर्ड सैंक्चुरी के अंदर से अभियुक्तों को दबोच लिया। नोएडा डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया अभियुक्तों के कब्जे से थाना फेज-1 क्षेत्र से चोरी की गई मोटरसाइकिल, स्कूटर, स्कूटी के अलावा मोटरसाइकिल की टंकी, साइलेंसर, मुखोटे, मडगार्ड, टायर व रिम समेत भारी मात्रा में वाहन पार्ट्स बरामद किए हैं। बरामद माल की अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई जा रही है। बरामद 09 वाहनों के संबंध में पहले से अभियोग पंजीकृत हैं। पूछताछ में सामने आया कि अभियुक्त दिल्ली, नोएडा व एनसीआर क्षेत्र की कॉलोनियों, सोसाइटियों, कंपनियों व फैक्ट्रियों के आसपास पहले रेकी करते थे। इसके बाद पार्किंग में खड़े दोपहिया वाहनों का लॉक तोड़कर चोरी कर लेते थे। चोरी के वाहनों को कबाड़ी की दुकानों पर ले जाकर काटकर उनके पार्ट्स ऊंचे दामों पर बेचते थे। मौका मिलने पर वाहन अन्य राज्यों में सस्ते दामों पर भी बेच दिए जाते थे। पुलिस के अनुसार गैंग के दो सदस्य अरमान उर्फ सुट्टा और उलमान आपस में हमशक्ल जुड़वा भाई हैं। दोनों एक जैसे कपड़े पहनकर अदल-बदल करते थे, जिससे पहचान मुश्किल हो जाती थी। एक भाई दुकान पर बैठता था जबकि दूसरा चोरी की वारदात को अंजाम देता था। इसी चालाकी के चलते वे लंबे समय से पुलिस को चकमा दे रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त में शादाब, अरमान , उलमान तथा विजय है इन सभी के अन्य चोरी की घटनाओं के खुलासे की संभावना जताई जा रही है।

# फरवरी से शुरू होंगे इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** शहर में वायु गुणवत्ता में सुधार और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नगर निगम ने बड़ा कदम उठाया है। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। नगर आयुक्त श्री विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशानुसार नगर निगम के प्रकाश विभाग द्वारा इस योजना पर युद्धस्तर पर कार्य कराया जा रहा है, जिसके तहत फरवरी माह के अंतिम सप्ताह से इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन की शुरूआत किए जाने की तैयारी है।

नगर निगम द्वारा शहर के पांचों जोन में कुल 20 स्थानों पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन पॉइंट स्थापित किए जाने हैं। इस क्रम में अब तक 13 स्थानों का चयन कर लिया गया है, जहां चार्जिंग स्टेशन लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। शेष स्थानों के चयन की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है, ताकि निर्धारित समयसीमा में सभी चार्जिंग स्टेशन शुरू किए जा सकें। कवि नगर जोन के अंतर्गत गोविंदपुरम स्वर्ण जयंतीपुरम रोड, डायमंड रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे तथा विवेकानंद नगर रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे चार्जिंग स्टेशन पॉइंट स्थापित किए जा रहे हैं। वहीं सिटी जोन में रेट मंडी नंदग्राम रोड, राज नगर एक्सटेंशन मेन रोड, हिंडन विहार शमशान पार्किंग साईं उपवन, पटेल मार्ग जीटी रोड और न्यू बस अड्डा के समीप मल्टी लेवल पार्किंग क्षेत्र में चार्जिंग स्टेशन लगाए जा रहे हैं। विजयनगर जोन में विजयनगर घोड़े वाले मंदिर के पास, ताज हाईवे पर गिरवर पटवारी भवन के समीप, क्रॉसिंग रिपब्लिक सैया अस्पताल के पास तथा अकबरपुर बहरामपुर ट्रांसफर स्टेशन के पीछे चार्जिंग स्टेशन पॉइंट स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त मोहन नगर जोन के अंतर्गत राजेंद्र नगर क्षेत्र में भी स्थान का चयन कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। मोहन नगर और वसुंधरा जोन में शेष स्थानों के चयन की प्रक्रिया जारी है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा समस्त निविदा प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत सैरिफाई फर्म का चयन किया गया है। चयनित फर्म द्वारा नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 20 स्थानों पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन पॉइंट स्थापित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। चयनित 13 स्थानों पर कार्य तेजी से प्रगति पर है और विभागीय अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। अपर नगर आयुक्त श्री जंग बहादुर यादव ने बताया कि यदि कार्य इसी गति से चलता रहा तो फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन पॉइंट का शुभारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को चार्जिंग की सुविधा अत्यंत सरल और डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।

# पेट्रोल पंप से जुड़े पुराने लेन-देन को लेकर रंगदारी और हत्या की धमकी देने का आरोप

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट थानाक्षेत्र में पेट्रोल पंप से जुड़े पुराने लेन-देन को लेकर रंगदारी और हत्या की धमकी का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यापारी ने दबंगों पर झूठे दावों के जरिए मोटी रकम वसूलने का आरोप लगाया है। इस संबंध में व्यापारी ने कोर्ट के आदेश पर तीन नामजद तथा दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रंगदारी का केस दर्ज कराया है। मेरठ रोड स्थित न्यू आर्य नगर निवासी 58 वर्षीय व्यापारी ललित बिंदल का कहना है कि उनके एक मित्र प्रवीन कुमार शर्मा बुलंदशहर के मचकौली-खुर्जा रोड पर एनएच-91 स्थित सत्या फिलिंग स्टेशन नाम से पेट्रोल पंप का संचालन करते हैं। बुलंदशहर के गांव कैलावन निवासी राजकुमार शर्मा नामक व्यक्ति की भी इस पंप में कुछ धनराशि लगी हुई थी बीमारी और आर्थिक दिक्कतों के चलते वर्ष 2015 से 2018 के बीच पेट्रोल पंप बंद रहा। इसी दौरान दोनों पक्षों में आपसी विवाद उत्पन्न हो गया। ललित बिंदल के मुताबिक वर्ष 2018 में राजकुमार शर्मा, प्रवीन शर्मा और उनके बीच बैठकर समझौता हुआ, जिसमें 16 लाख रुपये की राशि तय की गई। आरोप है कि यह पूरी रकम राजकुमार शर्मा को दे दी गई और इसके बदले उसने शपथ पत्र के माध्यम से पेट्रोल पंप से अपनी हिस्सेदारी समाप्त करने की घोषणा की। इसके बाद पेट्रोल पंप दोबारा शुरू हुआ और वर्तमान में सुचारू रूप से चल रहा है। ललित बिंदल का आरोप है कि इसके बावजूद लालच में आकर राजकुमार शर्मा और उसके सहयोगी जयभगवान शर्मा ने मई 2025 में कानूनी नोटिस भेजकर झूठा दावा किया कि उन्हें अब तक धनराशि नहीं मिली। इस नोटिस का जवाब उनके अधिवक्ता के माध्यम से दिया गया।

# तीनों तहसीलों में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासन व जनता के बीच संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शासनादेश के अनुरूप माह के प्रथम शनिवार को अवकाश के चलते सोमवार को जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सोमवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें सुनी गईं और कई मामलों में मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया गया। लोनी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एडीएम भूमि अध्याप्ति श्री अवनीश कुमार सिंह एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी लोनी श्री दीपक सिंघनवाल ने की। इस दौरान कुल 56 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से चार मामलों का मौके पर निस्तारण कर नागरिकों को तत्काल राहत प्रदान की गई। कार्यक्रम में तहसीलदार, पुलिस अधिकारी, नगर पालिका सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी श्री अजीत सिंह की अध्यक्षता में किया गया। यहां नागरिकों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 82 शिकायतें दर्ज कराई गईं। इनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष मामलों को समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार, पुलिस विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना गया। यहां कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार, नगर निगम के अधिकारी, पुलिस विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया गया। इस प्रकार जनपद की तीनों तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 164 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 10 मामलों का मौके पर त्वरित निस्तारण किया गया।

# सड़क पर मामूली टक्कर के बाद महिला को दी हत्या की धमकी

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** कविनगर थानाक्षेत्र में सड़क पर मामूली टक्कर के बाद महिला से मारपीट कर हत्या की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरडीसी क्षेत्र में बीते 17 दिसंबर को हुई घटना को लेकर पीड़िता ने पांच जनवरी को शिकायत दी। पुलिस ने महिला चालक और उसके पिता के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कविनगर सी-ब्लॉक में रहने वाली स्नेहल भाटिया के अनुसार वह बीते 17 दिसंबर को अपनी कार से किसी निजी काम के चलते आरडीसी गई थीं। कचहरी के सामने कार मोड़कर वह घर लौट रही थीं, तभी सामने से आ रही कार की चालक ने उनकी गाड़ी के बाईं ओर रगड़ मार दी।

टक्कर के बाद वह कार रोककर जैसे ही बाहर निकलीं तो दूसरी कार की चालक अपूर्वा मिश्रा गाली-गलौज करते हुए उनके पास पहुंच गई। आरोप है कि अपूर्वा मिश्रा ने उनके बाल पकड़कर मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान अपूर्वा के पिता ने भी उसका साथ दिया। सड़क पर लोगों की भीड़ जुटने लगी तो दोनों ने जान से मारने और देख लेने की धमकी दी और अपनी कार लेकर मौके से फरार हो गए। पीड़िता का कहना है कि घटना के समय आसपास मौजूद पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों ने कार को रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपी मौके से निकलने में सफल रहे। स्नेहल भाटिया का कहना है कि मारपीट में उनके हाथ में चोट आई है। उन्होंने बताया कि किसी आवश्यक कार्य से बाहर जाने के कारण वह शिकायत दर्ज नहीं करा सकीं। पांच जनवरी को उन्होंने कविनगर थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना की वीडियो फुटेज की जांच की जा रही है।

# स्व. दिनेश चंद गर्ग की स्मृति में साहित्य और सेवा का संगम, गाजियाबाद में भव्य कवि सम्मेलन आयोजित



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के प्रथम महापौर स्वर्गीय दिनेश चंद गर्ग की जयंती के अवसर पर साहित्य, समाजसेवा और जनकल्याण का अद्भुत संगम देखने को मिला। अमरकला हिंदी साहित्य मंच एवं जवाहर लाल नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में, लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के सानिध्य में सोमवार को एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकों, साहित्यप्रेमियों और जनप्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इसी अवसर पर सीएसआर फंड के अंतर्गत गुडलक इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से प्रस्तावित जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र स्थित दिनेश चंद्र गर्ग फिजियोथेरेपी सेंटर के रिनोवेशन कार्य का शिलान्यास सदर विधायक संजीव शर्मा द्वारा सांसद अतुल गर्ग की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस पहल को नगर के लिए एक महत्वपूर्ण जनहितकारी कदम बताया गया, जिससे विशेष रूप से जरूरतमंद नागरिकों को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में आयोजक मंडल की ओर से राजेंद्र मित्तल (मेदी वाले) ने जानकारी देते हुए बताया कि यह फिजियोथेरेपी सेंटर स्व. दिनेश चंद गर्ग के आदर्शों और मूल्यों को समर्पित रहेगा।

उन्होंने कहा कि स्वर्गीय गर्ग एक ऐसी महान विभूति थे, जिन्होंने सदैव समाज को साथ लेकर चलने का कार्य किया और अपना संपूर्ण जीवन देश व समाज की सेवा में समर्पित कर दिया। उसी भावना को आगे बढ़ाते हुए यह केंद्र जनसेवा का माध्यम बनेगा। उन्होंने बताया कि फिजियोथेरेपी सेंटर में अत्याधुनिक मशीनें स्थापित की जाएंगी और अनुभवी एवं दक्ष चिकित्सकों द्वारा उपचार प्रदान किया जाएगा। यहां आम नागरिकों को बहुत ही न्यूनतम शुल्क पर फिजियोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सकेंगी। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे स्व. दिनेश चंद गर्ग को सच्ची श्रद्धांजलि बताया। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी, महापौर सुनीता दयाल, वरिष्ठ भाजपा नेता पृथ्वी सिंह कसाना, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बलदेव राज शर्मा, पूर्व महापौर आशु वर्मा एवं वरिष्ठ कवि राज कौशिक ने स्व. दिनेश चंद गर्ग के सामाजिक, राजनीतिक और मानवीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कवि सम्मेलन ने कार्यक्रम को साहित्यिक ऊंचाई प्रदान की। कवि सम्मेलन के संयोजक डॉ. अजीत कुमार झा एवं नेहरू यूथ सेंटर के अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल मेदी वाले ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। मंच की अध्यक्षता वैभव पाराशर ने की, जबकि उपाध्यक्ष सुभाष सिंह रहे। इस अवसर पर कवि राज कौशिक, बेबाक जौनपुरी, डॉ. अनिल बाजपेई, वैभव शर्मा, राधिका गुप्ता, सुनहरी लाल तुरंत एवं सुनीता छाबड़ा ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और उन्हें सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में पप्पू पहलवान, अनिल शर्मा, हरमीत बख्शी, अमरजीत बिड्डी, रामअवतार जिंदल, सौरभ यादव, डॉ. अतुल जैन, अमरदत्त शर्मा, अजय चौपड़ा, वीरेंद्र कुमार वीरों बाबा, संजीव मित्तल, सुनील गर्ग, पार्षद राजीव शर्मा, पार्षद नीरज गोयल, पार्षद पूनम सिंह, पार्षद संतोष सिंह राणा, यशवर्धन गुप्ता, एडवोकेट शरद शर्मा, अजय राठी, अंकुर गोयल, मनीष दीक्षित, विशाल अग्रवाल, वरुण चौधरी, वीरेंद्र कुमार कंडेरे, भूषण यादव एवं रविन्द्र मित्तल सहित अनेक गणमान्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।

# पूर्वांचल और उत्तरांचल समाज के लोगों के साथ निगम अधिकारियों की बैठक

**गाजियाबाद।** नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को पूर्वांचल और उत्तरांचल समाज के लोगों के साथ संपत्ति प्रभारी पल्लवी सिंह के साथ बैठक हुई। बैठक में पूर्वांचल और उत्तरांचल भवन शुरू कराने पर चर्चा हुई। दोनों भवन कैसे संचालित किए जाएं, बैठक में इन बिन्दुओं पर भी चर्चा हुई। नगर निगम ने दोनों भवनों के नाम से एक सोसाइटी का गठन किया है। निगम ने सदस्यता शुल्क 21 हजार रुपये रखा है। समिति के लोगों ने कहा सदस्यता शुल्क बहुत ज्यादा है।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल गजप्रस्थ की बैठक सम्पन्न

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल गजप्रस्थ की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार प्रातः 9:00 बजे घूकना मेरठ रोड स्थित राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला संरक्षक संदीप त्यागी 'रसमज के कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पंडित अशोक भारतीय ने की, जबकि संचालन का दायित्व जिला संरक्षक संदीप त्यागी रसम ने निभाया। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, सामाजिक दायित्वों और सेवा कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता के जन्मदिन को सेवा और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ मनाया जाएगा। इस क्रम में प्रदूषण निवारण और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिनांक 7 जनवरी को कविनगर स्थित जी-ब्लॉक पार्क में प्रातः 10:30 बजे 11 पीपल के पौधे रोपित कर सेवा सप्ताह की विधिवत शुरूआत की जाएगी।

# विकास प्राधिकरणों और नगर निकायों की अनियमितताओं पर सख्त रुख, विधान परिषद समिति ने ली तीन जिलों की समीक्षा बैठक

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद, जिला पंचायतों एवं नगर निगमों में व्याप्त अनियमितताओं पर अंकुश लगाने और उनकी गहन जांच के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में सोमवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता माननीय सभापति कुँवर महाराज सिंह ने की, जबकि समिति के सदस्य डॉ. जयपाल सिंह, श्री विजय बहादुर पाठक, श्री अशोक कटारिया, श्री धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज, श्री पवन सिंह एवं श्री शहनवान खान की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस बैठक में जनपद गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर एवं बुलन्दशहर के संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के शुभारम्भ से पूर्व तीनों जनपदों के अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर, शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर माननीय सभापति एवं समिति के सदस्यों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इसके उपरांत क्रमवार गौतमबुद्ध नगर, बुलन्दशहर और गाजियाबाद की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। गौतमबुद्ध नगर की समीक्षा के दौरान नामित अधिकारियों की अनुपस्थिति पर समिति ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा संतोषजनक उत्तर न दिए जाने पर समिति ने प्राधिकरण से संबंधित प्रकरणों के संबंध में अधिकारियों को लखनऊ तलब करने के निर्देश दिए। वहीं जिला पंचायत विभाग, गौतमबुद्ध नगर के कार्यों की सराहना करते हुए समिति द्वारा प्रशंसा भी की गई। बुलन्दशहर की समीक्षा बैठक में भी नामित अधिकारियों के उपस्थित न रहने के कारण समिति द्वारा बैठक को स्थगित कर दिया गया, जिसे प्रशासनिक लापरवाही के रूप में गंभीरता से लिया गया।